


# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 36 अंक 345 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 16 सितम्बर 2025 डाक 17 सितम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए




# सड़कें बहीं, पुल टूटे... देहरादून के सहस्त्रधारा मालदेवता और टपकेश्वर मंदिर में सैलाब



**नईदिल्ली, 16 सितम्बर [एजेंसी]।**

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के मशहूर सहस्त्रधारा में भारी बारिश के बाद देर रात में बादल फटने की घटना हुई है। हादसे के बाद कई दुकानें बह गई हैं। हालांकि जिला प्रशासन ने स्थानीय लोगों को सुरक्षित इलाके में पहुंचा दिया है। इसके अलावा अब भी रेस्क्यू का काम चल रहा है। इस हादसे में कम से कम दो लोग लापता हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, भारी बारिश और बादल फटने की घटना को देखते हुए देहरादून में कक्षा 1 से 12 तक के सभी स्कूल फिलहाल बंद हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वह स्थानीय प्रशासन के लगातार संपर्क में हैं और स्थिति पर नजर रख रहे हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ट्वीट किया, देहरादून के सहस्त्रधारा में कल देर रात भारी बारिश के कारण कुछ दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। जिला प्रशासन, एसडीआरएफ और पुलिस मौके पर पहुँच गए हैं और राहत एवं बचाव कार्यों में लगे हुए हैं। मैं इस संबंध में स्थानीय प्रशासन के लगातार संपर्क में हूं और व्यक्तिगत रूप से स्थिति पर नज़र रख रहा हूं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फ़ोन पर बात करके उत्तराखंड में भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति की विस्तृत जानकारी ली।उन्होंने हर संभव सहायता का आश्वासन दिया और इस बात पर जोर दिया कि केंद्र सरकार संकट की इस घड़ी में उत्तराखंड के साथ पूरी तरह खड़ी है। मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह सक्रिय है और युद्धस्तर पर बचाव एवं राहत अभियान चलाया जा रहा है। भारी बारिश के कारण तमसा नदी उफान पर है और टपकेश्वर महादेव मंदिर जलमग्न हो गया है। मंदिर के पुजारी आचार्य बिपिन जोशी कहते हैं, सुबह 5 बजे से ही नदी में तेज़ बहाव शुरू हो गया था, पूरा मंदिर परिसर जलमग्न हो गया था। ऐसी स्थिति बहुत लंबे समय से नहीं आई थी।

## मंडी के निहरी में भूस्खलन की चपेट में आया मकान, पांच की मौत, दो को सुरक्षित निकाला



**मंडी16 सितम्बर।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के सुंदरनगर उपमंडल के तहत आने वाली निहरी तहसील के ब्रगटा गांव में बीते सोमवार रात को भूस्खलन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। जानकारी के अनुसार यहां भूस्खलन होने से पूरा घर जमींदोज हो गया। हादसे के समय घर में पांच लोग मौजूद थे। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं और एक आठ महीने का बच्चा शामिल है। इसके अलावा दो लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। मृतकों में तांगू देवी(33) पत्नी जय सिंह, कमला देवी(33) पत्नी देव राज और भीष्म सिंह(8 महीने) पुत्र देव राज शामिल हैं। सुरक्षित बचाए गए लोगों में खूब राम(65) पुत्र धनी राम और दर्शन देवी(58) पत्नी खूब राम शामिल हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने हादसे की पुष्टि की है। इससे पहले भी सुंदरनगर उपमंडल के जंगमबाग में भी इसी तरह का मामला सामने आया था, जिसमें सात लोगों की जान गई थी। उसके बाद अब इसी उपमंडल के निहरी इस दर्दनाक हादसे में तीन लोगों को काल का ग्रास बनना पड़ा है।

## रेलवे स्टेशन पर लगी भीषण आग से मचा हड़कंप, 2 घंटे तक ठप रही ट्रेनों की आवाजाही



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक स्टेशन पर आग लगने के कारण स्थानीय ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हो गई थी। दक्षिण-पश्चिम कोलकाता के संतोषपुर रेलवे स्टेशन पर मौजूद एक दुकान में अचानक आग लग गई, जिसका असर ट्रेनों पर भी देखने को मिल रहा था। अधिकारियों के अनुसार, आग सुबह 7.21 बजे लगी था। इससे सियालदा-बज लाइन का रूट बंद हो गया था और सभी लोकल ट्रेनों को रोक दिया गया था। आग ने कुछ ही देर में रेलवे स्टेशन पर मौजूद कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया था। पूर्वी रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पा लिया गया है। सुबह लगभग 9.30 तक आग पूरी तरह से बुझ गई।

## भारतीय टीम के No Handshake पर बिलबिलाया पाकिस्तान ख्वाजा आसिफ को अब भी सता रहा ऑपरेशन सिंदूर का डर

**नईदिल्ली, 16 सितम्बर [एजेंसी]।**



एशिया कप के एक रोमांचक मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर जीत अपने नाम कर लिया। पाकिस्तान अब इस हार को बर्दाशत नहीं कर पा रहा है। इस हार ने एक बार फिर से ऑपरेशन सिंदूर से मिले उसके जख्मों को ताजा कर दिया है। इस मैच के बाद भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया है। इंडियन टीम के इस कदम पर पाकिस्तान को अब ऑपरेशन सिंदूर में मिली करारी हार याद आ रही है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारत के इस कदम को शर्मनाक बताते हुए अपना खीझ उतारा। उन्होंने कहा, मई के संघर्ष में भारत की हुई हार और अंतरराष्ट्रीय अपमान सहना पड़ा, इसे इस तरह के सस्ते नाटकों से नहीं मिटाया जा सकता। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तानी सेना ने छह भारतीय विमानों को मार गिराया था और ये जख्म ऐसे कदमों से नहीं भर सकते।

पाकिस्तान को करारी शिकस्त देने के बाद भारतीय टीम बिना किसी से हैंडशेक किए अपने ड्रेसिंग रूम में लौट गई थी। इसके बाद से पाकिस्तान खुद को जलील हुआ सा महसूस कर रहा है। एक तरफ तो भारत ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया, उसके बाद भारतीय टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने प्रेस के बीच ये कहा कि कुछ चीजें खेल भावना से ऊपर होती हैं। उनका इशारा पहलगाम हमले में पाकिस्तान की भूमिका को लेकर था। उनके इस बयान के बाद पाकिस्तान नेताओं और आतंक को सींचने वाले नापाक लोगों के जले पर नमक छिड़क गया।

## पामेड़ बीजापुर में विस्फोटकों का जखीरा बरामद, सीआरपीएफ को मिली बड़ी सफलता

**रायपुर, 16 सितम्बर ।**

बीजापुर के पामेड़ जंगल में सीआरपीएफ जवानों ने विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया है, एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी साझा की है। जिसमें बताया गया है कि 208 कोबरा सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस के जवानों ने कंचला जंगल, पामेड़ (बीजापुर, छत्तीसगढ़) में तलाशी अभियान चलाया और नक्सलियों के ठिकाने से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया, जब्त सामग्री को स्थानीय पुलिस को सौंप दी गई है।

## असम की अधिकारी नूपुर बोरा, जिसके घर मिला 90 लाख कैश, सीएम सरमा बोले- 6 महीने से थी नजर

**नईदिल्ली, 16 सितम्बर [एजेंसी]।**



असम पुलिस ने असम सिविल सेवा की एक अधिकारी को कथित तौर पर आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री के विशेष सतर्कता प्रकोष्ठ के अधिकारियों की एक टीम ने अधिकारी नूपुर बोरा के गुवाहाटी स्थित आवास पर भी छापा मारा और 90 लाख रुपये नकद और 1 करोड़ रुपये से ज्यादा मूल्य के सोने के आभूषण जब्त किए। एक अन्य टीम ने बारपेटा स्थित उनके किराए के घर पर भी छापा मारा। गोलाघाट निवासी नूपुर बोरा, जो 2019 में असम सिविल सेवा में शामिल हुईं, वर्तमान में कामरूप जिले के गोरोइमारी में एक सर्किल ऑफिसर के पद पर तैनात थीं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि विवादास्पद भूमि संबंधी मामलों में कथित संलिप्तता की शिकायतों के बाद पिछले छह महीनों से उन पर नजर रखी जा रही थी।

उन्होंने कहा, जब वह बारपेटा राजस्व सर्किल में तैनात थीं, तब इस अधिकारी ने पैसे के बदले हिंदुओं की जमीन संदिग्ध व्यक्तियों को हस्तांतरित की थी। हमने उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। सरमा ने कहा कि अल्पसंख्यक बहुल इलाकों में राजस्व मंडलों में व्यापक भ्रष्टाचार है। विशेष सतर्कता प्रकोष्ठ ने उनके कथित सहयोगी, लाट मंडल सुरजीत डेका के आवास पर भी छापा मारा। डेका बारपेटा स्थित राजस्व मंडल कार्यालय में कार्यरत हैं। उन पर बारपेटा में मंडल अधिकारी रहते हुए नूपुर बोरा के साथ मिलीभगत करके कई जमीनें हासिल करने का आरोप है।

## माजदा की ठोकर से आरपीएफ जवान की मौत



**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही।** ड्यूटी खत्म कर मोटरसाइकिल से खोंगसरा से वापस पेंड्रारोड लौट रहे आरपीएफ के जवान की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। आरपीएफ ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर मृत जवान के शव को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिला स्थित गृह ग्राम के लिए रवाना किया गया, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, 36 वर्षीय राम आसरे सरोज सोमवार को ड्यूटी खत्म करने के बाद मोटरसाइकिल से खोंगसरा से वापस पेंड्रारोड लौट रहे था, इसी दौरान रास्ते में स्वराज माजदा की ठोकर से सिर पर गंभीर चोट लगी।

आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों ने जवान को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद दिवंगत जवान को आरपीएफ ने मंगलवार को गार्ड ऑफ ऑनर देने के बाद उत्तरप्रदेश के प्रयागराज जिले स्थित गृह ग्राम के लिए रवाना किया गया। घटना से मृतक के परिजन जहां सदमे में हैं, वहीं स्थानीय आरपीएफ में मातम छा गया है।

## एनआईटी सिलचर छात्रावास हिंसा प्रकरण, 5 बांग्लादेशी छात्र निलंबित



**असम, 16 सितम्बर [एजेंसी]।**

सिलचर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) से निलंबित पांच बांग्लादेशी छात्रों को उनके घर वापस भेज दिया गया है। यह सभी तीसरे वर्ष के छात्र हैं, जिनके पास से मादक पदार्थ भी बरामद किए गए। संस्थान के निदेशक प्रो. दिलीप कुमार बैद्य ने पुष्टि की है कि इन छात्रों को दो सेमेस्टर के लिए निलंबित किया गया है। एनआईटी के निदेशक दिलीप कुमार बैद्य ने आईएएनएस को बताया, हमने भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) की छात्रवृत्ति के तहत पढ़ाई कर रहे पांच बांग्लादेशी छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की है। इन छात्रों को सितंबर की शुरुआत में परिसर में हुई हिंसक झड़पों में शामिल पाया गया। निलंबन के बाद, पांचों छात्रों को बांग्लादेश में उनके घर वापस भेज दिया गया, क्योंकि वे अब यहां कक्षाओं में शामिल नहीं हो पाएंगे। बैद्य ने कहा, हिंसा में इन छात्रों की संलिप्तता साबित करने के लिए हमारे पास पर्याप्त सबूत हैं। उन्हें एक वर्ष के लिए निलंबित करने के साथ छात्रावास से निकाल दिया गया है। ऐसे में वह यहां अपनी पढ़ाई जारी नहीं रख सकते, इसलिए उन्हें वापस उनके घर भेज दिया गया है। 8 सितंबर की रात बांग्लादेशी छात्रों के एक समूह ने कथित तौर पर अपने ही साथियों पर हमला किया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कथित तौर पर नशे में धुत रॉड, चाकू और पेचकस से लैस इन आरोपियों ने काफी उत्पात मचाया, जिससे कई छात्र घायल हो गए।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## दिल्ली में बाइक हटाने को लेकर दो पड़ोसियों में हुआ विवाद, रॉटवीलर कुत्ते से 5 लोगों को कटवाया

**पूर्वी दिल्ली, 16 सितम्बर [एजेंसी]।**



वेलकम थाना क्षेत्र में सोमवार रात को घर के बाहर से बाइक हटाने को लेकर दो पड़ोसियों में विवाद हो गया। एक व्यक्ति ने अपने घर वालों के साथ मिलकर पड़ोस में रहने वाले पांच लोगों को लाठी डंडों से पीटने के साथ ही उनपर खतरनाक नस्ल के रॉटवीलर कुत्ते को छोड़ दिया। कुत्ते ने पांचों लोगों को बुरी तरह से काट लिया। वारदात के बाद कुत्ते को लेकर भाग गए। घायलों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। वेलकम थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपितों ने अपना कुत्ता निगम में पंजीकृत नहीं करवाया हुआ था। चेतन राठौर सुभाष पार्क में रहते हैं। पीड़ित ने बताया कि रात करीब 11.30 बजे गली में खड़ी बाइक को पार्किंग में लगाने के लिए उनके पिता अरविंद राठौड़ गली में गए।

उनके घर के बाहर पड़ोसी शालू स्वामी अपनी बाइक पर अपने दो साथियों के साथ बैठा हुआ था। उनके पिता ने शालू स्वामी को बाइक हटाने के लिए कहा तो वह भड़क गया।

आरोप है कि उसने पहले गाली गलौज की। मामला बढ़ने पर उसके पिता घर मे आ गए और वारदात के बारे में परिवार को बताया। चेतन ने शालू को फोन करके वारदात के बारे में पूछा। उनसे उन्हें गली में आने को कहा। जैसे ही चेतन पहुंचा उसे शालू ने पीट दिया। चेतन का परिवार उसे बचाने के पहुंचा। इतने में शालू के परिवार के सदस्य घर से लाठी डंडे व पालतू कुत्ते को ले आए। चेतन व उसके परिवार को पीटा। बाद में उनपर कुत्ता छोड़ दिया।

## आग में झुलसने से बुजुर्ग दंपती की मौत इलेक्ट्रिक स्कूटी में धमाके के बाद पूरे घर में फैली



**आगरा, 16 सितम्बर [एजेंसी]।**

जगदीशपुरा के मोहल्ला लक्ष्मी नगर में मंगलवार तड़के एक घर में इलेक्ट्रिक स्कूटी में आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गई। हादसे में बुजुर्ग दंपती की मृत्यु हो गई। पुलिस और दमकल ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। जगदीशपुरा के मोहल्ला लक्ष्मी नगर में प्रमोद अग्रवाल का दो मंजिला मकान है। प्रमोद अग्रवाल परिवार के साथ मकान की ऊपरी मंजिल पर रहते हैं। जबकि उनके माता-पिता नीचे की मंजिल पर रहते हैं। मंगलवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे घर में चार्ज हो रही इलेक्ट्रिक स्कूटी में शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की चपेट में आने स प्रमोद अग्रवाल के 95 वर्षीय पिता भगवती प्रसाद अग्रवाल व 85 वर्षीय मां उर्मिला देवी गंभीर रूप से झुलस गए। जानकारी होने पर पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाया। बुजुर्ग दंपती को इलाज के लिए एसएन मेडिकल भिजवाया। वहीं घर की ऊपरी मंजिल पर फंसे स्वजन को सुरक्षित बाहर निकाला।



## महिला सशक्तिकरण और बाल विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही राज्य सरकारः लखनलाल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासन के निर्देशानुसार रजत महोत्सव अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इंदिरा स्टेडियम, टी.पी नगर, कोरबा में महतारी सम्मेलन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग, श्रम एवं आबकारी मंत्री श्री लखन लाल देवांगन शामिल हुए। उन्होंने महिला सशक्तिकरण एवं बालिकाओं की उन्नति के लिए चलाई जा रही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉलों का अवलोकन किया तथा बाल विवाह निषेध हेतु उपस्थितजनों को शपथ भी दिलाई। अपने उद्बोधन में मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण और बाल विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि शासन का संकल्प है कि बेटियों को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान प्राप्त हो तथा महिलाएँ आत्मनिर्भर बनकर समाज की रीढ़ बनें। उन्होंने यह भी कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचना चाहिए। आज महिलाएँ और बेटियाँ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रही हैं।कार्यक्रम में सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने भी संबोधित करते हुए कहा कि शासन की अनेक योजनाएँ महिलाओं और बेटियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही हैं। आज महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और आत्मनिर्भरता के साथ समाज की दिशा तय कर रही हैं। सम्मेलन के दौरान उल्लेखनीय कार्य करने वाली माताओं एवं बहनों को सम्मानित किया गया। साथ ही जिले के मेधावी बच्चों को भी पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, पार्षद श्री नरेंद्र देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, पदाधिकारी, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने बाढ़ की स्थिति के नियंत्रण हेतु अधिकारी कर्मचारियों को सतर्क रहने के दिए निर्देश

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जिले में हो रही भारी बारिश को ध्यान में रखते हुए बाढ़ की स्थिति के नियंत्रण हेतु सभी एसडीएम को सतर्क रहने के निर्देश दिए है। साथ ही स्वास्थ्य, विद्युत एवं अन्य लाइन डिपार्टमेंटल अधिकारी कर्मचारियों को सक्रियता से कार्य करने निर्देशित किया है। उन्होंने बांध एवं नदी के समीपस्थ इलाकों से चल अचल परिसम्पत्तियों को हटाने हेतु ग्रामीण क्षेत्रो में मुनादी कराने के भी निर्देश दिए है। कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो बांगों बांध संभाग क्र. 3 माचाडोली ने सर्व साधारण एवं कार्य संबंधितों से बांध से नीचे एवं हसदेव नदी के किनारे, बाढ़ क्षेत्र में स्थापित चल-अचल सम्पत्ति सुरक्षित स्थानों पर ले जाने का आग्रह किया है। साथ ही बाढ़ क्षेत्र में स्थापित खनिज खदान ठेकेदार, औद्योगिक इकाईयां, संस्थानों आदि को भी सूचित किया गया है कि वे अपनी परिसम्पत्तियों को बाढ़ क्षेत्र से बाहर निकालना सुनिश्चित कर लें। अकस्मात बाढ़ से होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति के लिए जल संसाधन विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो बांध एवं हसदेव बराज जल प्रबंध संभाग को बाढ़ क्षेत्र में आने वाले गांवों में बाढ़ चेतावनी की मुनादी करवाने की अपील की गई है।बाढ़ क्षेत्र में आने वाले संभावित गांवो में बांगो, चर्रा, पोड़ी-उपरोड़ा, कोनकोना, लेपरा, टुनियाकछार, पाथा, गाड़ाघाट, छिनमेर, कछार, कल्मीपारा, सिलयारीपारा, जुनापारा, तिलाईडांड, डुगुपारा, टुंगुमाड़ा, छिर्रापारा, मछलीबाटा, कोरियाघाट, धनगांव, डोंगाघाट, नरमदा, औराकछार, सोनगुड़ा, जेल गांव, झाबू, नवांगांव, तिलसाभाटा, लोतलोता, स्याहीमुड़ी, कोडा, हथमार, झोरा, सिरकीकला आदि शामिल हैं।

## एक ही दिन में 3 लाख मामलों का निराकरण करने का रिकार्ड बना नेशनल लोक अदालत में

**कोरबा ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के तत्वाधान, छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष संतोष शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के निर्देशन में नेशनल लोक अदालत का 13 सितंबर 2025 को वर्चुअल और भौतिक उपस्थिति मोड में आयोजन किया गया। इसमें सर्वोच्च न्यायालय से लेकर तहसील स्तर तक के न्यायालयों में लोक अदालत आयोजित की गयी। जिला न्यायालय कोरबा एवं तालुका विधिक सेवा समितियों- कटघोरा, करतला एवं पाली में लंबित, दांडिक, सिविल, मोटर दुर्घटना,



राजस्व न्यायालयो के प्रकरण एवं प्री-लिटिगेशन के 04 लाख 68 हजार 193 प्रकरणों को निराकरण के लिये चिन्हित किया गया है। प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संतोष शर्मा, के नेतृत्व में लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत आयोजित करने के लिए कुल 48 खंडपीठों का गठन किया गया था। इस लोक अदालत में 02 लाख 98 हजार 894 मामलों का सफलतापूर्वक निपटान किया गया। निपटान किए गए मामलों में कुल 02 लाख 93 हजार 608 मामले प्री-लिटिगेशन चरण के थे और 05 हजार 286 मामले ऐसे थे जो विभिन्न न्यायालयों में लंबित थे, निपटान राशि लगभग 13 करोड़ 49 लाख 55 हजार 167 रूपये थी।नेशनल लोक अदालत में आपराधिक राजीनामा योग्य मामले, मोटर वाहन दुर्घटना दावा से संबंधित मामले, धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित मामले अर्थात् चेक से संबंधित मामले, वैवाहिक विवाद के मामले, श्रम विवाद के मामले, बैंक ऋण वसूली वाद, रूपया वसूली वाद, विद्युत बिल एवं टेलीफोन बिल के मामले, भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, राजस्व न्यायालय के मामले एवं अन्य राजीनामा योग्य वाद आदि से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई।नेशनल लोक अदालत के अवसर पर विभिन्न शासकीय विभागां के स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को सामग्री वितरीत की गई दिनांक 13.09.2025 को आयोजित राष्ट्रीय नेशनल लोक अदालत के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर कोरबा में समाज कल्याण विभाग, महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ विभाग के कैम्प लगाए गए।समाज कल्याण विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राहियों योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को ट्रायसायकल, वृद्धों को श्रवण यंत्र एवं स्टीक का वितरण श्री संतोष शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोरबा, श्री संतोष कुमार, आदित्य, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश, श्री सत्र कोरबा द्वारा किया गया।

# पोड़ी जनपद में 15वें वित्त में घोटालाः सीईओ व शाखा प्रभारी ने मिलकर बोगस बिल से निकाले लाखों रुपए

**कोरबा/पोड़ी उपरोड़ा।** ग्राम पंचायतों का केंद्र बिंदु कहे जाने वाले जनपद पंचायत में बैठे अधिकारी ही यदि भ्रष्ट्राचार में संलिप्त हो तो पंचायतों में होने वाले गड़बड़- घोटालों पर रोक लगाने की उम्मीद आखिर किससे की जाए...? जिले के पोड़ी उपरोड़ा जनपद पंचायत में ऐसा ही हो रहा है। यहां सरकार से विकास कार्यों के लिए मिलने वाले 15वें वित्त की राशि का आम निर्वाचन पंचायत चुनाव मतदाता सूची व अन्य प्रपत्रों की फोटोकॉपी व स्टेशनरी में व्यय बताकर बोगस बिल से लाखों रुपए का भुगतान कर दिया गया। अचरज की बात यह है कि जिन बिलों पर भुगतान दर्शाया गया है, दरअसल वे बिल बिना जीएसटी नंबर के है। बता दें कि विभागीय मद और निर्वाचन विभाग का अपना एक अलग मद होता है और नियमतः 15वें वित्त आयोग की अनुदान राशि को सीधे तौर पर स्टेशनरी के लिए खर्च करने की अनुमति नहीं है, क्योंकि यह मुख्य रूप से स्थानीय निकायों/ग्राम पंचायतों के लिए विभिन्न प्रकार के बुनियादी ढांचे, पानी और स्वच्छता, स्वास्थ्य और अन्य सामुदायिक कार्यों के लिए निर्धारित है

### कहीं व्यक्तिगत लाभ की मंशा को लेकर तो नही किया घोटाला

पोड़ी जनपद पंचायत में पदस्थ सीईओ जयप्रकाश डड़सेना और शाखा प्रभारी लालदेव भगत (संकाय सदस्य) के द्वारा चौहान टेलीकॉम को लाखों रुपए का अनुचित लाभ पहुंचाने का खेल दिनाँक 30 अप्रैल 2025 सामान्य सभा की बैठक में अनुमोदन की आड़ में खेला गया है। जबकि कोरबा जिले में पंचायत चुनाव 17 फरवरी 2025 को सम्पन्न हुआ और इसके बाद पंचायत में कोई चुनाव नहीं होना था, फिर भी आम निर्वाचन पंचायत चुनाव 2025 हेतु मतदाता सूची एवं अन्य प्रपत्रों की छाया प्रति के नाम पर लाखों रुपए की फोटोकॉपी से बंदरबांट हुई है। वहीं चौहान टेलीकॉम से जुड़ी जो तथ्यात्मक जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक 24 मार्च 2025 को एक ही दिन में कुल आठ अलग-अलग बिल (बिना जीएसटी नम्बर) क्रमांक 181 से 193 तक जारी किए गए। 22 हजार से 25 हजार की संख्या में फोटोकॉपी का अलग- अलग राशि का बिल बनाया गया।

सारे बिल 47 हजार से 50 हजार के बीच प्रति फोटोकापी 2 रुपये पेज की दर से कुल बिल 3 लाख 86 हजार 760 रुपये का जारी किया गया। 01 लाख 93 हजार 380 फोटोकॉपी में यह8 राशि खर्च की गई। सोचनीय बात यह है कि इसका भुगतान 15वें वित्त योजना की राशि से किया गया हैनिर्वाचन व्यय का अपना मद, फिर वित्त आयोग क्यों बताया गया है कि पंचायत निर्वाचन के समय निर्वाचन के लिए आवश्यक सामग्री, स्टेशनरी, फोटोकॉपी आदि का क्रय किया गया था किंतु यह बात आश्चर्यजनक है कि जब 17 फरवरी 2025 को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का मतदान और मतगणना संपन्न हो चुकी थी, तब चुनाव से पहले जिस समय फोटो कॉपी करवाया गया, स्टेशनरी क्रय किए गए तो उसी समय बिल क्यों नहीं लिया गया? 24 मार्च 2025 को एक साथ आठ बिल जारी करने की जरूरत क्यों पड़ गई जबकि एक ही दुकान से एक ही दिन में थोक में फोटोकॉपी कराई गई थी तो एक ही बिल में फोटोकॉपी की संख्या दर्ज कर एक साथ राशि का बिल क्यों नहीं लिया गयानेताओं की खुशामद या दुकानदार को लाभ पहुँचाने की मंशा दरअसल जनपद पंचायत के अधिकारियों और बाबू की मिलीभगत से चौहान टेलीकॉम को प्रायोजित लाभ पहुंचाने का काम यहां धड़ल्ले से किया जा रहा है। वहीं इलाके के एक बेबाक जनप्रतिनिधि की मानें तो क्षेत्र के कुछ नेताओं की खुशामद और उन पर खर्च करने के लिए इस तरह से अतिरिक्त राशि की व्यवस्था की जाती है, लेकिन यह गलत है। 10- 20 हजार की हेर- फेर समझ में आती है किंतु लाखों का नहींज्.। ऐसे ही न जाने और कितने बिल के जरिए आर्थिक घोटाला किया जा चुका होगा? यदि इस तरह से लाखों रुपए फोटो कॉपी, स्टेशनरी पर खर्च किए जा रहे हैं और वह भी 15वें वित्त की राशि से, तो यह बेहद चिंताजनक है। देखना है कि मामले में संज्ञान किस हद तक लिया जाएगा.?

### रोजगार मेला हुआ आयोजित

**कोरबा ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोरबा के द्वारा रजत जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 12 सितम्बर 2025 को शासकीय ई.व्ही पी.जी.कॉलेज कोरबा एवं 13 सितम्बर 2025 को कमला नेहरू कॉलेज कोरबा में जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला में कुल 08 नियोजक सम्मिलित हुए जिसमें जिफसा कोरबा, वेक्टर फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड रायपुर, आईसेक्ट पी.एम.के.के. कोसाबाड़ी कोरबा, टाटा.ए.आई.ए.लाईफ इंश्योरेंस कंपनी लिमि. वेदांता कोरबा, सोनी मल्टी सर्विसेस, स्पंदना स्फूर्ति फायनेंशियल लिमि0 जांजगीर, रिफ्लेक्शन मैनेजमेंट सर्विस कोरबा सम्मिलित हुए। कंपनियों द्वारा कुल 550 पद के लिए रोजगार मेला का आयोजन किया गया। साक्षात्कार हेतु 588 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जिसमें नियोजकों द्वारा प्रारंभिक रूप से 212 अभ्यर्थियों काएवं अंतिम रूप से 97 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।



## परसराम का बना पक्का मकान, अब बारिश में नहीं होना पड़ता परेशान

**कोरबा ।** गांव में सब्जी बेचकर किसी तरह जीवन यापन करने वाले परसराम पटेल की जिंदगी बहुत मुसीबत से घिरी हुई थी। 75 साल के परसराम पटेल ने कई बार सोचा कि वह कच्चे मकान को तोड़कर पक्का मकान बनवा ले लेकिन गरीबी की वजह से वह पक्का मकान तो दूर की बात अपने कच्चे मकान को भी ठीक से मरम्मत नहीं कर पाता था। कच्चे मकान में जिंदगी की लंबी उम्र गुजार चुके परसराम सहित उनके घर वाले बारिश के दिनों में अक्सर परेशान रहते थे क्योंकि बारिश होते ही खपरैल वाले छत से पानी की बूंदे इतनी ज्यादा गिरती थी कि घर का जरूरी सामान बारिश में भीग जाता था और बहुत से सामान खराब हो जाते थे। यह एक मात्र समस्या नहीं थी, घर की दीवारें भी बारिश के पानी से उखड़ जाती थी। उन्हें अपना जरूरी काम छोड़कर उखड़ी हुई दीवारों को मरम्मत करना पड़ता था और घर के खपरैल को ठीक करना पड़ता था। परसराम को जब मालूम हुआ कि प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों का पक्का मकान बन रहा है तो उन्होंने भी संपर्क साधा। पीएम आवास योजना में अपना नाम चयन हो जाने की खबर पाकर परसराम पटेल खुश तो था लेकिन जब तक उनके खाते में राशि नहीं आई थी तब तक बैचेन भी था और सोचता था, पता नहीं राशि देंगे भी की नहीं। उन्हें जब पीएम आवास योजना के लिए राशि मिली तो उनके खुशियों का ठिकाना न रहा। पहली किश्त आते ही उनका भरोसा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय पर बढ़ गया। उन्होंने सरकार पर अपना विश्वास बढ़ाते हुए कुछ और पैसे लगाकर पीएम आवास को बड़ा बनाने की ठानी। आखिरकार समय के साथ उन्हें पूरी किश्त मिली और पक्का मकान बनकर तैयार हो गया है। अब इन पक्के और मजबूत मकानों में वह सुकून से अपनी पत्नी इतवारा बाई और अपने बच्चे नाती-पोती के साथ रह रहे हैं। उधर पीएम आवास योजना से पक्का मकान पाकर बहुत खुश परसराम और उनकी पत्नी श्रीमती इतवारा बाई शासन प्रशासन को धन्यवाद देते नहीं थकती। करतला विकासखंड के अंतर्गत दूरस्थ ग्राम जामपानी में निवास करने वाले परसराम पटेल ने बताया कि पीएम आवास योजना से उन्होंने गांव में पक्का मकान बनवाया है। उन्होंने बताया कि वह बहुत गरीब है और आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत नहीं थी कि वह अपना खुद का पक्का मकान बनवा सके। उन्होंने बताया कि पीएम आवास योजना में नाम आने के बाद पहली किस्त मिली ।

## उत्कृष्ट कार्यों के लिए 40 शिक्षक सम्मानित



**कोरबा।** उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह 15/ 9 /25 को पंडित मुकुटधर पांडे साहित्य भवन समिति घंटाघर कोरबा में साक्षी सेवा समिति द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि की आसंदी को डॉक्टर अभिषेक अग्रवाल ने सुशोभित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती अनीता ओहरी प्राचार्य बुंदेली, परमानंद उईके प्राचार्य ढेलवाडीह, जितेंद्र कुमार साहू प्राचार्य सूरजपुर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की संस्थापक श्रीमती एस कुर्रे ने किया। अपनी टीम के साथ करती आ रही हैं। महासचिव सरोज खुराना, सचिव राजकुमारी डहरिया, उपाध्यक्ष जमुना देवी गढ़ेवाल, सहसचिव मधुलिका दुबे, सलाहकार विमला भास्कर, सुश्री लक्ष्मी करियारे, कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे की पूजा अर्चना से हुआ तत्पश्चात राज गीत की प्रस्तुति की गई। सर्व प्रथम राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षिका श्रीमती मधुलिका दुबे एवं प्रिया दुबे का सम्मान श्रीफल मोमेंटो एवं साल से किया गया। कृपाराम निराला स्मृति सम्मान श्मुकुन्द उपाध्याय, श्रीमती तिहारीन बाई निराला स्मृति सम्मान विमला भास्कर को प्रदान किया गया। तत्पश्चात उत्कृष्ट शिक्षकों की श्रेणी में अमर सिंह खुराना, दयाराम खुटे, शांतनु गुप्ता, रागिनी दिव्य, सुनीता राठौर, अजय कुमार जायसवाल, श्रीकांत सिंह, अल्पना साहू, इंद्राणी पांडे, भावना गुप्ता, भोलाराम साहू, नीलम रात्रे, सुनीता पाटले, राजेश्वरी आदिले, निर्मला पाटले, राम कपूर कुर्रे आदि को मिला। मुख्य अतिथि अभिषेक अग्रवाल ने शिक्षकों को समाज का निर्माता कहते हुए उनकी प्रशंसा की। आभार प्रदर्शन श्रीमती कौशिल्या खुराना ने किया। कार्यक्रम का सफल एवं शानदार संचालन श्रीमती विमला भास्कर ने किया।

## हड़ताली कर्मियों को आज उपस्थिति देने के निर्देश

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के आह्वान पर जिले के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी विभिन्न मांगो की पूर्ति के संबंध में 18.अगस्त 2025 से अनिश्चितकालीन हड़ताल/आंदोलन पर है। एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ द्वारा प्रस्तुत मांगो के संबंध में 13 सितम्बर 2025 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की कार्यकारिणी समिति द्वारा सहानूभूतिपूर्वक विचार करते हुए सकारात्मक रूप से समाधान किया गया है। जिसके अंतर्गत एनएचएम अधिकारी/कर्मचारियों को दुर्घटना अवकाश में प्रावधानित तीस दिन के अवैतनिक अवकाश को सवैतनिक अवकाश देने का निर्णय लिया गया है। इसी प्रकार वार्षिक कार्य मुल्यांकन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु प्रतिकूल टिप्पणी की स्थिति में कार्य सुधार नोटिस/सेवा समाप्ति के पूर्व पर्याप्त अवसर दिए जाने का निर्णय, माह जुलाई 2023 की स्थिति में संविदा कर्मचारियों को 5 प्रतिशत अतिरिक्त वेतन वृद्धि प्रदान करने संबंधी राज्य कार्यकारिणी समिति द्वारा सैद्धांतिक सहमति व वित विभाग छत्तीसगढ़ शासन से सहमति प्राप्ति उपरांत वेतनवृद्धि प्रदान करने की कार्यवाही भी प्रचलन में है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत समस्त संविदा मानव संसाधन को स्वास्थ्य बीमा की सुविधा दिये जाने की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्णय, ग्रेड पे, अनुकम्पा नियुक्ति आदि जैसे मानव संसाधन से जुड़े अन्य विषयों के संबंध में 07 सदस्यीय राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है जो विभिन्न राज्यो के साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न विभागों में इस संबंध में प्रचलित प्रावधानों, पूर्व गठित समिति के प्रस्तावों, राज्य में पूर्व से प्रचलित नियमों इत्यादि का अध्ययन कर निश्चित समयसीमा में (गठन के तीन माह) के भीतर अपना प्रतिवेदन शासन को प्रस्तुत करेगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मानव संसाधन नीति 2018 की कंडिका-42 के अंतर्गत स्थानांतरण नीति पहले से प्रावधानित है। जिसमें एनएचएम कर्मियों की मांग अनुसार वांछित बदलाव के संबंध में समिति सुझाव देगी।उपरोक्तानुसार कर्मचारियों के हित में अनेक निर्णय लिये जाने के उपरांत भी आज दिनांक तक अनाधिकृत रूप से अपने कार्य से अनुपस्थित है, यह न केवल एक लोक सेवक के रूप में अपने

# विभाग स्तरीय खेलकुद समारोह प्रारंभ

**कोरबा ।** भाग के सरस्वती शिशु मंदिरो में अध्यनरत छात्र-छात्राओं का तीन दिवसीय खेलकूद समारोह सरस्वती शिशु मंदिर एचटीपीपी दर्री में प्रारंभ हुआ। 13 सितंबर को उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि अजय सिंह कोरम (अधीक्षण यंत्री छ.रा.वि.मं. दर्री), अध्यक्षता धनंजय सिंह (अध्यक्ष स.शि.मं. दर्री), संस्थान प्रतिनिधि नरेश जायसवाल (प्रांत प्रमुख वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छ.ग.), अर्जुन सिंह पटेल (जिला प्रतिनिधि कोरबा जिला), दीपक सोनी (विभाग समन्वयक कोरबा विभाग), संयोजक भीष्मदेव सिंह (व्यवस्थापक स.शि.मं. दर्री), खेल प्रभारी चिंतामणी कौशिक (प्राचार्य स.शि.मं. कुसमुण्डा), डॉ. मंजुला साहू, श्रीमती मालती जोशी, नवल किशोर शुक्ला (प्राचार्य स.शि.मं. दर्री) मंच में विराजमान थे।मां सरस्वती, मां भारती एवं ओमकार के तेल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर दीप मंत्र के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। विद्यालय की छात्राओं द्वारा सुमधुर वंदना वाद्य यंत्रो के साथ हुआ, दीपक सोनी द्वारा अतिथियों का परिचय एवं नवल किशोर शुक्ला एवं श्रीमती सुषमा बारस्कर के द्वारा अतिथियो का स्वागत किया गया। दीपक सोनी ने विभाग स्तरीय खेलकुद का सारगर्भित जानकारी सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने सरस्वती शिशु मंदिर के अनुशासन की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। नरेश जायसवाल ने विद्या भारती द्वारा आयोजित विद्यालय स्तर से अखिल भारतीय स्तर तक की खेलकूद के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि विद्या भारती में पांच आधारभूत विषयों को जोडा गया है। शारीरिक शिक्षा, योग शिक्षा, संगीत शिक्षा, सस्कृत शिक्षा और नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास हो रहा है। खेलकूद के माध्यम से शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होने कहा हमारा प्रयास रहेगा कि हम प्रथम स्थान प्राप्त करें परन्तु किसी कारणवश स्थान प्राप्त न होने पर हमें निराश होने की आवश्यकता नही है बल्कि प्रतिज्ञा लेकर जावें कि आगामी वर्षों में अपना स्थान अवश्य बनाएंगे। इस खेलकूद को समारोह की तरह सम्पादित करने का आव्हान किया। इस खेलकुद में बाल वर्ग, किशोर वर्ग, तरूण वर्ग से 100 मी., 200 मी., 400 मी., 600 मी., 800 मी., 1000 मी., 1500 मी. 3000 मी. दौड़, त्रिकुद, ऊंची कूद, लंबी कुद, गोला फेक, तवा फेक, भाला फेक, हेमर थ्रो फेक, बाधा दौड़ रिलेरेस आदि खेलों का समावेश किया गया है। जिसमें कोरबा जिला, जांजगीर-चांपा जिला, सक्ती जिला के 21 विद्यालयों से 245 छात्र-छात्राओं एवं संरक्षक आचार्य भाग ले रहे हैं। इस खेलकुद समारोह को संपन्न कराने में स.शि. दर्री के सभी आचार्य/कर्मचारी एवं समिति के सभी सदस्यों के साथ-साथ पूर्व छात्रों ने भी बीड़ा उठाया है। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन नवल किशोर शुक्ला एवं संचालन श्रवण कुमार गुप्ता द्वारा किया गया।

### भाकपा जिला परिषद ने विद्युत बिल दर में की गई वृद्धि का किया विरोध-तत्काल प्रभाव से वापस लेने करी मांग

**कोरबा ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद कोरबा के सचिव पवन कुमार वर्मा ने जारी किए गए अपने बयान में कहा है कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने अपने दो साल के कार्यकाल में तीसरी बार बिजली दर में अप्रत्याशित वृद्धि कर प्रदेश के मजदूर, किसान, व्यापारी और आम जनता को आर्थिक रूप से बुरी तरह प्रभावित किया है, जो निंदनीय है।कामरेड श्री वर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा 400 यूनिट पर बिजली बिल हॉफ करने की योजना को भी बंद कर दिया गया है, जिससे आम जनता की समस्या और बढ़ गई है। यही नहीं, यहां स्थापित पावर संयंत्र सहित अन्य दूसरे उद्योगों से निकलने वाले धुएं, राखड़ से भी आम जनता बुरी तरह हलाकान है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य अपनी जरूरत पूरा करने के साथ-साथ दूसरे राज्यों को भी बिजली बेचता है, इसलिए बिजली बिल में बढ़ोतरी करना न्यायोचित नहीं है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की कोरबा जिला इकाई प्रदेश सरकार से मांग करती है की आम जनता को राहत देने के लिए बिजली दरों में हुई वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए।

## नमामि हसदेव की मांग,रिवर फ्रंट बनाने के लिए हो काम

### उपमुख्यमंत्री अरुण से मिलकर ज्ञापन सौपा

**कोरबा, ।** जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी के संरक्षण, सौंदर्याकरण और प्रदूषण नियंत्रण को लेकर नमामि हसदेव सेवा समिति ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। इसमें 10 किलोमीटर लंबे विर फ्रंट बनाने की मांग की गई। इस बारे में उपमुख्यमंत्री अरुण साब से मिलकर ज्ञापन सौंपा गया।

समिति ने बताया कि हसदेव नदी न केवल कोखा की जीवनरेखा है, बल्कि इसका धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्त्व है। समिति ने रिवर फ्रंट निर्माण के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिनमें प्रमुख रूप से घाटों का सौंदर्याकरण अंतर्गत माँ सर्वमंगला मंदिर, श्री सर्वेश्वर मंदिर, शिवशक्ति माँ भवानी मंदिर सहित विभिन्न घाटों पर पक्की सीढियाँ, रेलिंग और लाइटिंग की व्यवस्था, हसदेव आरती, भजन, योग एवं उत्सबों हेतु सांस्कृतिक मंच निर्माण, प्रदूषण नियंत्रण औरहरियाली बढ़ाने के लिए वृक्षारोपण अभियान पर जोर दिया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य और पर्यावरण जागरूकता हेतु पैदल पथ, सुरक्षा और निगरानी के लिए स्मार्ट लाइटिंग और सीसीटीवी कैमरे, ठोस कचरा एवं सीवेज प्रबंधन अंतर्गत नालों पर चेम्बर सिस्टम, बायोफेंस या एसटीपी की व्यवस्था आदि करने की मांग की गई। सुरक्षा एवं अतिक्रमण नियंत्रण हेतु गार्ड रूम और सीमांकन बाउंड्री निर्माण की मांग रखी गई है। यह मांग पत्र जिले के विकास और हसदेव नदी के भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक दूरदर्शी पहल मानी जा रही है। प्रतिनिधिमंडल में सदस्य चन्द्र किशोर श्रीवास्तव, रणधीर पाण्डेय, यशवंत कुमार मिश्रा, प्रकाश सिंह चाहल और हरीश कुमार राठौर शामिल थे।

## हाथियों की हरकत से भयभीत लोगों ने घरों की छत पर चढ़कर बचाई जान

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले की पसान ग्राम पंचायत की बस्ती में रविवार देर रात एक नर दंतैल हाथी ने जमकर उत्पात मचाया. करीब तीन घंटे तक बस्ती में घूमते हुए हाथी ने ग्रामीणों के घरों, दुकानों और निजी वाहनों को भारी नुकसान पहुंचाया, जिससे पूरी बस्ती में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल व्याप्त हो गया.अपनी जान बचाने के लिए लोगों को घरों की छतों पर चढ़कर शरण लेनी पड़ी.घटना रात करीब नौ बजे शुरू हुई, जब यह विशालकाय हाथी जंगल से निकलकर पसान बस्ती में घुस आया. बताया जा रहा है कि लगभग तीन घंटे तक हाथी ने खुलेआम घूमते हुए उत्पात मचाया.इस दौरान उसने ग्रामीणों के मकानों की दीवारें तोड़ दीं, कई दुकानों के शटर उखाड़ दिए और खड़ी बाइकों व कारों के शीशे भी तोड़ डाले. सबसे हैरान करने वाली घटना एक स्टाफ नर्स की आटा चक्की में हुई, जहां हाथी ने शटर तोड़कर अंदर रखा धान चट कर गया. हाथी की भयावह दहाड़ सुनकर बस्ती में चारों ओर चीख-पुकार मच गई. लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे और सुरक्षित स्थान की तलाश में घरों की छतों पर चढ़ गए.ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद वन विभाग के कर्मचारियों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर हाथी को खदेड़ने का प्रयास शुरू किया.हाथी ने पसान के वार्ड नंबर 8 के पंच की कार और एक किसान की बाइक को भी भारी नुकसान पहुंचाया. इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने हिम्मत करके हाथी का वीडियो बनाने की कोशिश की, जिस पर हाथी ने उन्हें दौड़ा दिया, हालांकि गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ.हैरत की बात यह भी रही कि कुछ लोग वीडियो और सेल्फी लेने के चक्कर में हाथी के बेहद करीब पहुंच गए, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था

## अधीक्षण अभियंता कोरम ने किया शुभारंभ

**कोरबा ।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की येजना से कोखा विभाग के सरस्वती शिशु मंदिरों में तीन दिवसीय खेलकूद समारोह सरस्वती शिशु मंदिर एचटीपीपी दरों में प्रारंभहुआ। प्रतियोगिता में कोरबा सहित 3 जिलों के 21 विद्यालयों के 245 खिलाड़ी भाग ले रहे है।उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि अजय सिंह कोरम अधीक्षण यंत्री छराचिमं दर्दी, अध्यक्षता धनंजय सिंह अध्यक्ष सशिमं दर्दी, संस्थान प्रतिनिधि नरेश जायसवाल प्रांत प्रमुख वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छग, अर्जुन सिंह पटेल जिला प्रतिनिधि कोरबा जिला, दीपक सेनी विभाग समन्वयक कोरबा विभाग), संयोजक भीष्मदेव सिंह व्यवस्थापक सशिमंदर्दी, खेल प्रभारी चिंतामणी कौशिक प्राचार्य सशिमं कुसमुण्डा, डॉ. मंजुला साहू श्रीमती मालती जोशी, नवल किशोर शुक्ला प्राचार्य सशिमं दरी मंच में विराजमान थे। मां सरस्वती, मां भारती एवं ओमकार के तेल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर दीप मंत्र के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। विद्यालय के बहिनो द्वारा सुमधुर वंदना वाद्य यंत्रों के साथ हुआ, दीपक सोनी द्वारा अतिथियों का परिचय एवं श्री नवल किशोर शुक्ला एवं श्रीमती सुषमा बारस्कर के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।नरेश जायसवाल ने विद्या भारती द्वारा अयोजित विद्यालय स्तर से अखिल भारतीय स्तर तक की खेलकूद के महत्व पर प्रकाश बला। उन्होने कहा कि विद्या भारती में पांच आधारभूत विषयों को जोड़ा गया है। खेलकूद के माध्यम से शरीर स्वस्थ रहता है। इस खेलकुद में एथलेटिक्स खेलों का समावेश किया गया है।

## बिजली बिल की मार लोग क्यों सहे : सीपीआई

**कोरबा ।** भाकपा का कहना है कि बिजली उत्पादन का काम कोरबा में हो रहा है और इसके दुष्परिणाम लोग झेल रहे है तो उन्हें बिजली बिल का झटका सरकार क्यों दे रही है। वास्तविक रूप से कोरबा क्षेत्र के लोगों को बिजली बिल के मामले में राहत देने की जरूरत है।

सीपीआई जिला सचिव पवन कुमार वर्मा ने इस बात की आलोचना की है कि भाजपा सरकार द्वारा दो साल में तीसरी बार बिजली बिल दर में वृद्धि की गई है। जो मजदूर, किसान, व्यापारी और आम जनता को प्रभावित किया है। पूर्व की सरकार द्वारा 400 यूनिट पर बिजली बिल हॉफ योजना को भी बंद कर दिया है, जिससे आम जनमानस की समस्या और बढ़ गई हैं। छत्तीसगढ़ में पानी, कोयला जैसे प्राकृतिक संसाधन है, और यहां के पावर प्लांटों से निकलने वाले धुआं, राख से आम जनता प्रभावित है। दूसरे राज्यों को बिजली बेचने से जो लाभ हो रहा है, उसका श्रेय कोरबा को जाता है। इसलिए इस क्षेत्र के उपभोक्ताओं को राहत देना तो बनता ही है।

# मेडिकल सुविधा देने की मांग को लेकर अनाज उत्पादकों का प्रदर्शन



**अकलतरा।** जेएसडब्लू-केएसके पावर प्लांट से प्रभावित आठ गांवों के भूविस्थापित किसानों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में भूविस्थापित किसान और प्लांट प्रभावित ग्रामीण उपस्थित हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त कर रहे लाभार्थियों को कम से कम एक बार अपना उत्तराधिकारी (नॉमिनी) बदलने का अधिकार दिया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों की तरह भूविस्थापित किसानों और पेंशनधारियों को भी राज्य कर्मचारी बीमा योजना (ईएसआईसी) के तहत चिकित्सा सुविधा दी जाए। जो पेंशनधारी नौकरी करना चाहते हैं, उन्हें तत्काल रोजगार उपलब्ध कराया जाए। भूविस्थापित किसानों को दी जा रही पेंशन के साथ जीवन निर्वाह भत्ता आजीवन दिया जाए।

समिति के सचिव अविनाश सिंह ने कहा कि यदि पति-पत्नी के अलग-अलग लाभार्थी कार्ड पूर्व में प्लांट द्वारा बनाए गए हैं, तो दोनों को पूर्ण पेंशन लाभार्थी मानते हुए अलग-अलग पेंशन दी जाए। यदि किसी व्यक्ति ने वैध रूप से गोदनामा बनवाया है, तो कंपनी को उसे मान्यता देते हुए उसका उत्तराधिकारी मानकर पेंशन देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्लांट प्रबंधन द्वारा प्रभावित गांवों में हर महीने या तीन महीने में एक बार जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन तत्काल शुरू किया जाए। उपाध्यक्ष सविता भारद्वाज ने कहा कि गांवों में हर महीने लगने वाले मेडिकल कैंप को पिछले दो वर्षों से बंद कर दिया गया है, जिसे तत्काल पुनः शुरू किया जाए ताकि भूविस्थापितों को इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े और उन्हें गांव में ही चिकित्सा सुविधा मिल सके।

बैठक को राकेश कुमार साहू, उपेंद्र शांडिल्य, सनत साहू, कमलेश डहरिया और बुद्धेश्वर सिंह ने भी संबोधित किया। बैठक में मांगों के संबंध में प्लांट प्रबंधन और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। बैठक में रविंद्र महिपाल, गिरिवर शांडिल्य, सुरेंद्र साहू, कमलेश डहरिया, रामकुमार निर्मलकर, गोविंद पांडेय, राधे राठौर, राजकुमार राठौर, चंद्रप्रकाश महिपाल, मनोज साहू, जयनंदन कैवर्त्य, राजू गंधर्व, देवेश सिंह, संतोष नायक, कमलकुमारी, भवानी शंकर निर्मलकर, दीपिका महंत, राजेंद्र दास सहित आठ गांवों से आए भूविस्थापित किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## शराब से दो की मौत, गुणवत्ता पर सवाल




**सक्ती।** जिले में सोमवार को शराब पीने से 2 युवकों की मौत हो गई है। शराब पीने के बाद दोनों बेहोश हो गए। उन्हें सारंगढ़ के अस्पताल ले जाया गया, जहां आधे घंटे के अंदर दोनों ने दम तोड़ दिया। जहरीली शराब पीने से मौत की आशंका है।

मामला बिर्रा थाना क्षेत्र के करही गांव का है। जानकारी के मुताबिक, मनोज कश्यप और सूरज यादव दोपहर 12 बजे दोनों बेहोशी की हालत में मिले। आसपास के लोगों ने परिजन को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजन इलाज के लिए दोनों को फौरन सारंगढ़ के एक अस्पताल लेकर पहुंचे।

डॉक्टर ने इलाज शुरू किया, लेकिन आधे घंटे में दोनों की सांसें थम गई। मामले की सूचना मिलते ही सारंगढ़ थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।

पिछले एक साल की बात करे तो बिलासपुर में जहरीली महुआ शराब पीने से सरपंच के भाई समेत 7 लोगों की मौत हुई थी। जांजगीर-चांपा में 2 दोस्त की जान गई थी। जबकि कोरबा में 3 लोगों की जान चली गई थी।

सारंगढ़ पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। जीरो में मर्ग कायम कर केस की डायरी बिर्रा थाना पुलिस को ट्रांसफर कर दिया। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि युवकों ने कहां से शराब खरीदी थी।

सारंगढ़ थाना प्रभारी कामिल हक ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का खुलासा होगा। लेकिन अभी शुरुआती जांच में यह पता चला है कि शराब पीने के बाद दोनों की तबीयत बिगड़ी थी। इसके बाद मौत हुई है।

## छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को भेजा जेल

**मालखरौदा।** घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के अनुसार वह घर के अंदर सोयी थी। दरवाजा बंद नहीं था, तभी आरोपी चंद्रभूषण घर अंदर घुसा और मुंह को दबाकर छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता ने अपने ससुर को आवाज आरोपी भागने लगा। इस दौरान उसने घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने जुर्म दर्जकर जांच शुरू की। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी अपने घर में छुपा है। सूचना पर आरोपी के घर सिंघरा जाकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़े, जिससे पूछताछ करने पर उपरोक्त अपराध धारा घटित करना स्वीकार किया।




## नोटिस देने तक सीमित है अधिकारी कई मामलों में, कार्यवाही शून्य



**बलौदा।** लोक निर्माण विभाग के शासकीय आवासों को लेकर विभाग द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों की खुद विभाग के अधिकारी कर्मचारी ही धज्जियां उड़ा रहे हैं। दिशा निर्देशों के परिपालन में भेदभाव का आरोप लगाया जा रहा है।

पीडब्ल्यूडी द्वारा अपने शासकीय आवासों के आबंटन के लिए स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किया गया है कि आवास को दैनिक वेतन भोगी या मस्टर रोल कर्मचारियों को नहीं देना है। क्योंकि इन कर्मचारियों के आवास में रहने से नियमित कर्मचारियों के लिए आवास व्यवस्था नहीं होती और वे भटकते हैं। बलौदा पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में भी दो कर्मचारी आवास बना हुआ है।

इसमें दोनों में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी और मस्टर रोल कर्मचारी परिवार के साथ निवासरत हैं। विभाग के निर्देश मिलने के बाद उन दोनों कर्मचारियों को आवास खाली करने के लिए नोटिस दिया गया। इसमें से एक कर्मचारी ने अपना आवास खाली कर दिया। वहीं, दूसरा कर्मचारी अभी भी वहीं भी रहता है, लेकिन विभागीय अधिकारी मौन है।

दैनिक वेतन भोगी से आवास खाली कराएंगे ट्टविभागीय निर्देश है कि शासकीय आवासों को दैनिक वेतन भोगी या मस्टर रोल कर्मचारियों को आवंटित नहीं करना है। बलौदा में एक दैनिक वेतन कर्मचारी ने आवास खाली कर दिया है। दूसरे से भी खाली कराया जाएगा। - दलगंजन साय, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी, जांजगीर

# लोगों का भरोसा जीतने के लिए पुलिस ने निकाली विश्वास यात्रा



**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर शक्ति जिले में पुलिस द्वारा विश्वास यात्रा लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन में यह यात्रा जिले के सभी थाना क्षेत्रों के गांव-गांव में पहुँचकर लोगों से संवाद स्थापित कर रही है। 14 सितंबर को यह यात्रा जिले के बडोरा (छपोरा), हनुमंता (बाराद्वार), बंजारी (अड़भार), आमाकोनी (जैजैपुर) जैसे गाँवों में निकाली गई। इससे पहले, 12 सितंबर को भी इसे भातमाहुल, हसौद, मुरलीडीह, जैजैपुर, चंद्रपुर सहित कई अन्य गाँवों में आयोजित किया गया था। पुलिस अधिकारी और जवान सीधे ग्रामीणों से बात कर पुलिस और जनता के बीच विश्वास की मजबूत कड़ी बना रहे हैं।

इस दौरान, जन जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को कानून, सुरक्षा, साइबर अपराध और महिला सुरक्षा जैसे विषयों पर जानकारी दी जा रही है। इस पहल से ग्रामीणों में पुलिस के प्रति भय की भावना समाप्त हो रही है और वे बिना झिझक अपनी समस्याएँ और स्थानीय परिस्थितियों को पुलिस के सामने रख पा रहे हैं। पुलिस भी इस पहल को जनता से जुड़ने का एक प्रभावी माध्यम मान रही है। इस विश्वास यात्रा को सफल बनाने में थाना प्रभारियों से लेकर सभी पुलिसकर्मी पूरी तत्परता से लगे हुए हैं।

## हर हाल में साफ रहने चाहिए स्वास्थ्य केन्द्र



**सक्ती।** सक्ती जिले की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पूजा अग्रवाल ने पूरे जिले के सामुदायिक और उप-स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने अस्पतालों में साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता, स्टाफ की समय पर उपस्थिति और मरीजों की सुविधाओं की समीक्षा की।

उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सक्ती की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया और निर्देश दिया कि स्वच्छता में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों के हर कोने में स्वच्छता सामग्री और अलग-अलग तरह के कचरे (सूखा, गीला, बायोमेडिकल) के लिए नीले, पीले और लाल डस्टबिन रखने का आदेश दिया। सीएमएचओ ने कहा कि हर तीन महीने में एक बार सभी स्वास्थ्य केंद्रों में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएं, ताकि लोगों की समस्याओं को सीधे सुना जा सके।

उन्होंने स्टाफ को भी अपनी ड्यूटी सही तरीके से करने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वालों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्था को पारदर्शी बनाने पर जोर देते हुए पूजा अग्रवाल ने कहा कि सभी केंद्रों में आवश्यक मेडिकल उपकरण सही ढंग से काम करें और अनुपयोगी सामग्री को तुरंत हटाया जाए। नए सीएमएचओ के आने के बाद, स्वास्थ्य विभाग में सकारात्मक बदलाव महसूस हो रहा है। अधिकारियों और कर्मचारियों का रवैया अधिक सक्रिय हुआ है, और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का पालन अधिक सख्ती से हो रहा है।

## सर्पदंश से ग्रामीण की मौत, परिजन को मिली मदद

**सक्ती।** जिले की तहसील हसौद के ग्राम सेन्दरी निवासी स्व. रामभरोष बर्मन की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने पर शासन ने उनके पुत्र आरती दास बर्मन को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। यह सहायता प्राकृतिक आपदा से हुई क्षति के लिए निर्धारित मापदंडों और शर्तों के अधीन दी जाएगी। प्रशासन द्वारा स्वीकृति जारी कर दी गई है।

## खराब सड़कों के कारण नवरात्र में होगी परेशानी



**हसौद।** वार्ड क्रमांक 10 की गली की हालत बदतर हो गई है। लगातार बारिश और नाली की सफाई न होने व बारिश के कारण सड़कों पर कीचड़ जमा हो गया है। सड़क से गुजरना तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

स्थिति इतनी खराब है कि लोग नंगे पैर या चप्पल हाथ में लेकर रास्ता पार करने को मजबूर हैं। बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब नवरात्र का पर्व भी नजदीक है और मां दुर्गा के दरबार तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को इसी कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ेगा। ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच को जानकारी दिया गया है, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई है। ग्रामीणों की मांग है कि नवरात्र से पहले गली की सफाई और सड़क की मरम्मत कराई जाए ताकि मां के दरबार तक श्रद्धालु सम्मान के साथ पहुंच सकें।

## पिता का आरोप- नहीं हो रही जांच

**रायगढ़।** बेटे की हत्या के मामले में जांच नहीं करने पर पिता ने इसकी शिकायत एसपी से की है। सोमवार को पिता ने एसपी को नाम ज्ञापन सौंपकर उसके बेटे के कातिलों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। दो तीन महीने पहले जगदीश सारथी के बेटे शिवनारायण सारथी की लाश एनटीपीसी रेलवे लाइन के किनारे मिला था। मृतक शिवनारायण सारथी के पिता जगदीश ने बताया कि उसका बेटा एनटीपीसी लारा में पेट्रोलिंग मेन के पद पर पदस्थ था। उस पोस्ट पर कार्य करने वाला केतन यादव ने उसे 30 जून को फोन करके बताया कि उसके बेटे शिवनारायण सारथी का मर्डर हो गया है। सूचना के बाद वह मौके पर पहुंचा जहां उसके बेटे की लाश पड़ी हुई थी। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। लेकिन तीन महीने बीत जाने के बाद भी उसके बेटे के कातिलों तक तमनार पुलिस पहुंच नहीं सकी है।

## ब्लड बैंक और डायलिसिस सुविधा चाहिए अस्पताल में

**सक्ती।** सक्ती जिला मुख्यालय के सरकारी अस्पताल में डायलिसिस सेंटर और ब्लड बैंक की अत्यंत आवश्यकता महसूस की जा रही है। वर्तमान में किडनी के मरीजों की बढ़ती संख्या के चलते उन्हें आसपास के अन्य जिलों जैसे जांजगीर, बिलासपुर या रायगढ़ में डायलिसिस के लिए जाना पड़ता है। इससे मरीजों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ समय की भी बर्बादी होती है, जो उनकी स्थिति को और गंभीर बना सकता है।

सक्ती अब स्वतंत्र जिला बन चुका है। आसपास के गांवों व कस्बों से बड़ी संख्या में मरीज यहां इलाज के लिए आते हैं। ऐसे में एक पूर्णकालिक डायलिसिस यूनिट की स्थापना नितांत आवश्यक हो गई है। लोगों का कहना है कि जब जिला बन चुका है, तो यहां की स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर भी उसी के अनुरूप होना चाहिए। इसी तरह, ब्लड बैंक की मांग भी वर्षों से की जा रही है। समय-समय पर सक्ती में स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों द्वारा रक्तदान शिविरों का आयोजन होता है, लेकिन ब्लड बैंक की सुविधा न होने से एकत्रित रक्त को अन्य जिलों में भेजना पड़ता है, जिससे स्थानीय जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त नहीं मिल पाता। सक्ती जिले के ऊर्जावान कलेक्टर अमृत विकास टोपनो के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधाओं में निरंतर सुधार देखने को मिल रहा है। वहीं, जिला अस्पताल के अधिकारी और स्वास्थ्यकर्मी भी सेवा को बेहतर करने में जुटे हैं। नई तकनीक, विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति और बेहतर उपकरणों की आपूर्ति की दिशा में प्रयास जारी हैं।

***बिलासपुर।** जिले के तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह की जन्मदिन के स्वागत के दौरान भीड़ में पॉकिटमार पहुंच गए। इस दौरान समर्थकों व कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे पॉकिटमारी ने कई नेताओं व कार्यकर्ताओं के जेब काट दिए और हजारों रुपए पार कर दिए। जिससे कार्यक्रम में अफरातफरी मच गई। हालांकि, पुलिस ने जांच के बाद दो पॉकिटमारों को गिरफ्तार किया है।

## 45 ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिलाओं को मिला प्रशिक्षण

**सक्ती।** स्वास्थ्य विभाग ने यूनिसेफ के सहयोग से जिला पंचायत सभाकक्ष में 45 ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिलाओं के लिए एक उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का संचालन मानसिक स्वास्थ्य सलाहकार निधि दुबे ने किया। कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित कई विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

इनमें मानसिक स्वास्थ्य क्या है और इसका महत्व, किशोरों का मानसिक स्वास्थ्य, कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य पर होने वाले प्रभाव और उनके समाधान, आत्महत्या के मुख्य लक्षण और उसकी रोकथाम में स्वास्थ्य कर्मचारियों की भूमिका, महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर, टेलीमानस और ऑनकॉल सेवाओं के बारे में चर्चा की गई। इस बैठक में मानसिक स्वास्थ्य सलाहकार निधि दुबे, डीपीएम कीर्ति और सभी ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिलाएं उपस्थित थीं।

## इच्छा मृत्यु के लिए संघ ने शुरू किया हस्ताक्षर अभियान

**रायगढ़।** अनिश्चितकालीन हड़ताल के 29वें दिन एनएचएम कर्मचारियों ने सिस्टम की बेरुखी और 20 साल की अनसुनी मांगों के खिलाफ जिले के 500 से अधिक कर्मचारी इच्छा मृत्यु की अनुमति के लिए हस्ताक्षर अभियान में जुटे रहे। यह पत्र राज्यपाल को दिया जाएगा। कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने कोरोना महामारी में अपनी जान दांव पर लगाकर गांव-गांव, गली-गली स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाईं, लेकिन आज अपने हक की मांग करने पर उन्हें बेरोजगारी और अपमान का सामना करना पड़ रहा है।

नियमितिकरण सहित अन्य मांगों को लेकर 18 अगस्त से नियमितीकरण, जॉब सिक्योरिटी, पब्लिक हेल्थ कैडर, ग्रेड पे की मांगों को लेकर हड़ताल पर है। 20 साल की मेहनत के बावजूद, न तो इन मांगों पर कोई ठोस कदम उठाया गया, बल्कि कई कर्मचारियों को सेवा से बाहर कर दिया गया। बर्खास्तगी के फैसले ने न केवल कर्मचारियों के परिवारों को आर्थिक और सामाजिक संकट में धकेल दिया, बल्कि उनके आत्मसम्मान को भी कुचल दिया। जननी सुरक्षा योजना के तहत प्रसूताओं को मिलने वाली 1400 की राशि और टीबी मरीजों को दी जाने वाली 1000 मासिक सहायता रुक गई है। हर दिन छत्तीसगढ़ में औसतन 1500 बच्चे जन्म लेते हैं, जिनमें 60 प्रतिशत डिलीवरी शासकीय अस्पतालों में होती है, लेकिन अब ये योजनाएं कागजों में सिमटकर रह गई हैं। आंगनबाड़ी और स्कूलों में बच्चों की स्वास्थ्य जांच ठप है। राष्ट्रीय बाल हृदय योजना के तहत चिन्हित बच्चों का इलाज अटक गया है। की सम्मान राशि भी प्रभावित हो रही है।

संघ के सदस्य सभी जिलों में निकालेंगे इच्छा मृत्यु रैली एनएचएम कर्मचारियों ने बताया कि ये हस्ताक्षर अभियान एक पत्र नहीं, बल्कि सिस्टम की नाकामी पर सवाल है। गहरे मानसिक अवसाद और अपमान से जूझ रहे कर्मचारी अब इच्छा मृत्यु की अनुमति मांग रहे हैं, ताकि इस असहनीय वेदना से मुक्ति मिले। उन्होंने बताया कि जल्द ही 33 जिलों में एकत्रित हस्ताक्षरों के साथ एक इच्छा मृत्यु रैली आयोजित होगी।

## शिविर लगाकर श्रमिकों के स्वास्थ्य का किया परीक्षण

**सक्ती।** अपने रजत जयंती वर्ष 2025-26 के उपलक्ष्य में, विभिन्न जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में, श्रम विभाग ने डभरा स्थित आरकेएम पावर जेनरेशन प्राइवेट लिमिटेड के परिसर में एक श्रम वीर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। श्रम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, इस शिविर में कुल 284 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

परीक्षण के दौरान, श्रमिकों को उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में परामर्श दिया गया और जरूरत के अनुसार निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में मौजूद डॉक्टरों ने श्रमिकों को नियमित जांच, पोषण, स्वच्छता और बीमारियों की रोकथाम के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही, उन्हें ईएसआईसी और श्रम कल्याण योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। इस शिविर का संचालन आरकेएम प्रबंधन और ईएसआईसी के डॉक्टरों की देखरेख में हुआ।

समक्ष : श्रीमान नोटरी पब्लिक कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मैं किशोर कुमार राव उम्र 52 वर्ष, पिता स्व. राजनाला शम्भा शिवा राव निवासी- एम.आई.जी.-36 आर.पी.नगर फेस-2 कोरबा तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) का हूं, जो निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं कि मैं उक्त पते पर निवासरत हूं तथा मेरा आधार क्रमांक 4739 8669 0004 है। मेरी पुत्री के कक्षा 01 से 09वीं तक के समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र/अभिलेख में उसके पिता अर्थात मेरा नाम आर.किशोर राव दर्ज है। मेरा वास्तविक एवं सही नाम किशोर कुमार राव है जो मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में दर्ज है। मेरी पुत्री आर. हर्षिता वर्तमान शिक्षा सत्र 2025-26 में न्यू ईरा प्रोग्रेसिव स्कूल रामपुर कोरबा की कक्षा 10वीं की छात्रा है। वर्तमान शिक्षा से मैं मेरी पुत्री आर.हर्षिता के समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र/अभिलेख में मेरा वास्तविक एवं सही नाम किशोर कुमार राव दर्ज कराना चाहता हूं। इस संबंध में किसी प्रकार का दावा आपत्ति होने पर जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी। यह शपथ-पत्र मेरे द्वारा उक्ताशय के समर्थन में निष्पादित की गई है, जिसे संबंधित कार्यालय/विभाग में प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
किशोर कुमार राव

न्यायालय तहसीलदार बैकुंठपुर जिला कोरिया छ.ग.
मामले की श्रेणी :- राजस्व

संदर्भ :- जिला-कोरिया तहसील-बैकुंठपुर प.ह.न.-00009 बैकुण्ठपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक - MD202425530302400027

**ईश्तहार**

तहसील बैकुंठपुर के प.ह.नं.00009 के अंतर्गत ग्राम बैकुण्ठपुर के वर्तमान भूमिस्वामी अफसाना सिद्दकी पिता/पति-हाकीम अली पता-सा. देह, अरशद सिद्दकी पिता/पति-हाकीम अली पता-सा. देह, रिजवाना सिद्दकी पिता/पति- हाकीम अली पता- सा.देह, मोइज अहमद सिद्दकी पिता/पति-हाकीम अली पता-सा.देह, नाजरा सिद्दकी पिता/पति- हाकीम अली पता-सा.देह, शुलताना सिद्दकी पिता/पति-हाकीम अली पता-सा.देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 166/1/क (0.1350), 181/5 (0.0170) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अरशद सिद्दकी पिता/पति-हाकीम अली पता-सा.देह, रिजवाना सिद्दकी पिता/पति-हाकीम अली, पता-सा.देह, अफसाना सिद्दकी पिता/पति-हाकीम अली पता-सा. देह, मोइज अहमद सिद्दकी पिता/पति-हाकीम अली पता-सा.देह, शुलताना सिद्दकी पिता/पति-हाकीम अली पता-सा.देह के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29.09.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार बैकुंठपुर जिला कोरिया छ.ग. पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.09.2025 को जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
Amrita Singh

## अनमोल वचन......

जैसे शेर हमेशा पीछे होकर छलांग लगाता है, वैसे ही हमें भी पीछे हो कर आगे बढ़ सकते है।

# चरमपंथी गुटों को वित्तीय सहायता

*आतंकवाद के वित्त पोषण पर कनाडा में जारी एक रपट में खुलासा हुआ है कि कम से कम दो खालिस्तानी चरमपंथी गुटों को कनाडा से वित्तीय सहायता मिल रही है। 2025 असेसमेंट ऑफ मनीलॉन्ड्रिंग एंड टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क इन कनाडा' नाम से जारी इस रपट में जिन चरमपंथी समूहों के नाम दिए गए हैं, उनमें दो संगठन-बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन-भी शामिल हैं। चिंता की बात यह है कि ये संगठन गैर-लाभकारी और धर्मार्थ गतिविधियों के लिए धन बता कर उसका अपने मंसूबे पूरे करने में इस्तेमाल करते हैं। इस रपट के सनसनीखेज खुलासे से नई दिल्ली के इन दावों की पुष्टि होती दिख रही है कि कनाडा में खालिस्तान समर्थक तत्व बिना रोक-टोक के भारत विरोधी गतिविधियां जारी रखे हुए हैं। यह कोई पहली रपट नहीं है जिसने आंख खोल देने वाले खुलासे किए हैं। इससे पहले ओटावा की खुफिया एजेंसी ने भी 1980 के दशक में जारी अपनी एक रपट में खुलासा किया था कि कनाडा में राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसक चरमपंथ का खतरा खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा भारत के पंजाब में खालिस्तान नाम से स्वतंत्र राष्ट्र बनाने के लिए हिंसक तरीकों का इस्तेमाल करने की कोशिश के तहत उत्पन्न हुआ था। इसके बाद कनाडा सरकार ने भी एक रपट जारी की जिसमें शंका जताई गई थी कि चरमपंथियों ने धार्मिकता का चोला ओढ़ लिया है। दरअसल, चरमपंथी संगठन, जिनमें हमास, हिज्बुल्ला जैसे मुस्लिम संगठन भी शामिल हैं, अपनी गतिविधियों के लिए धन जुटाने के लिए तमाम हथकंडे अपनाते हैं। बैंकिंग तंत्र के दुरुपयोग, क्रिप्टोकरंसी के इस्तेमाल के अलावा ये संगठन सरकारी वित्त-पोषित नीतियों और कार्यक्रमों में भी सेंध लगा कर धन जुगाड़ने में पीछे नहीं रहते। धर्मार्थ और गैर-लाभकारी संगठनों का दुरुपयोग तो करते ही हैं, यहां तक कि आपराधिक गतिविधियों से भी धन जुटाते हैं। परेशानकुन यह कि ये संगठन कनाडा तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि ब्रिटेन समेत कई देशों तक फैले हुए हैं। अलबत्ता, कनाडा में उग्रपंथी खालिस्तानी संगठनों के लिए मुफीद स्थिति इसलिए है कि वहां आबादी में काफी बड़ा हिस्सा सिखों का है, जो सरकार बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए सरकार भी नरम रवैया अपनाती है। इतना कि भारत जैसे देशों से अपने संबंधों के बिगाड़ तक की हद तक जा पहुंचती है।*

## राशिफल

**मेष :** दुविधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित होंवे। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय की अपेक्षित है। सन्तानोत्पत्ति के लिए प्रयास सार्थक होंगे।

**बृषभ :** हसमुख व मजाकिया स्वभाव से आपने आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे। शासन-सत्ता कें लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। पुराने संबंधों से लाभ संभव। परिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

**मिथुन :** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घरेलू दायित्वो के प्रति सक्रीयता से आपकी महत्ता बढ़ेगी।

**कर्क :** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। तामसी व गैर सांस्कारिक कार्य की आकर्षित मन पर अंकुश लगावें।

**सिंह :** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रो में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न देवें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या :** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनैतिक क्षेत्र के व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला :** नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहशास होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा।

**वृश्चिक :** नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा।

**धनु :** संबंधों में व्यवहारकुशल बनें। सामाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप मे नये उत्साह का संचार करेगा।

**मकर :** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**कुंभ :** अंतर्मुखी स्वभाव को त्याग बहिर्मुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओ की पूर्ति के आसार है। सामान्य दिनचर्या के साथ व्यतीत हो रही जीवन में उत्साह अभाव। परिजनों के प्रति मन चिन्तित होगा।

**मीन :** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहो की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे। शिक्षा में समुचित सरिश्रम करने में असमर्थ मन नकारात्मक चिन्ताओं से बोझिल होगा।

# भाजपा के बिछाए जाल में उलझता विपक्ष

//अजीत द्विवेदी//

**बिहार के दरभंगा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मां की गाली दिए जाने की घटना बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गई है। इसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाने का जितना श्रेय खुद प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी को है उतना ही श्रेय विपक्षी पार्टियों को भी जाता है। कांग्रेस के साथ साथ राजद के नेता अति उत्साह में इसे बड़ा मुद्दा बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं। विपक्ष इस मामले में एक के बाद एक बड़ी गलतियां कर रहा है और भाजपा के बिछाए जाल में उलझता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनकी पार्टी और उनके इकोसिस्टम ने इस घटना के हर आयाम को आम आदमी तक पहुंचाने के उपाय कर लिए हैं और उसमें काफी हद तक उनको कामयाबी मिल गई है।**

यह बिहार की धरती पर प्रधानमंत्री के अपमान का मुद्दा बन गया है, एक महिला के अपमान का मुद्दा बन गया है और चूंकि गाली देने वाला मुस्लिम है तो सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का मुद्दा भी बन गया है। इसका चुनावी लाभ कितना मिलेगा या नतीजों पर इसका क्या असर होगा, यह नहीं कहा जा सकता है लेकिन इस विवाद ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के मुद्दे को हाशिए में पहुंचा दिया है। साथ ही एसआईआर के खिलाफ हुई यात्रा और पटना की सड़कों पर विपक्ष के मार्च से जो मोमेंटम बना था उसको भी रोक दिया है। हो सकता है कि इस विवाद को बढ़ाने का मकसद भी यही हो।

बहरहाल, दरभंगा में 27 अगस्त को महागठबंधन यानी कांग्रेस, राजद, सीपीआई, सीपीएम, सीपीआई माले और वीआईपी के मंच से मोहम्मद रिजवान उर्फ रिजवी ने प्रधानमंत्री को मां की गाली दी। घटना के तुरंत बाद इसका वीडियो वायरल हो गया और तब से यह विवाद चल रहा है। यात्रा का नेतृत्व चूंकि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव कर रहे थे इसलिए वे भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों के निशाने पर हैं। इन दोनों नेताओं ने घटना पर माफी मांग कर नैतिक साहस दिखाने और मामले को समाप्त करने की बजाय अपनी पार्टी के प्रवक्ताओं और इकोसिस्टम को इसका बचाव करने या दोनों नेताओं को जिम्मेदारी से मुक्त करने के तर्क खोजने के काम में लगा दिया। उस दिन से कांग्रेस और राजद के जेएनयू ब्रांड नेता और प्रवक्ता एक से एक बेहूदा तर्क खोज कर गालीबाज का बचाव करने, राहुल व तेजस्वी को जिम्मेदारी से मुक्त करने और मोदी को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। ये नेता जितना बचाव कर रहे हैं, उतना ही उलझते जा रहे हैं।

कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि राहुल गांधी क्यों माफी मांगें, जबकि वे घटना के समय मंच पर नहीं थे, गाली देने वाला कांग्रेस या राजद का कार्यकर्ता नहीं है और वह मानसिक रूप से विक्षिप्त है, जिसे बकरी से दुष्कर्म के केस में जेल हुई थी। यह सही है कि राहुल गांधी मंच पर नहीं थे। लेकिन मंच तो कांग्रेस और राजद का था। चारों तरफ उनके झंडे लगे थे और चंद मिनट पहले ही उस मंच से राहुल गांधी व तेजस्वी यादव उतरे थे। उनके जिले के नेता और पदाधिकारी मंच पर थे। उनके सामने प्रधानमंत्री को मां की गाली दी गई।

फिर कांग्रेस और राजद इस जिम्मेदारी से कैसे बच सकते हैं। वह उनका कार्यकर्ता नहीं है लेकिन उनके मंच से उसने गाली दी तो इसके लिए माफी मांग लेने से राहुल छोटे नहीं हो जाते। कांग्रेस के नेता सोच रहे हैं कि अगर माफी मांगी तो इसका मतलब यह स्वीकार करना होगा कि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री को गाली दी। लेकिन अगर माफी नहीं मांगते हैं तब भी कहां इस आरोप से पीछा छूट रहा है! उनको याद करना चाहिए कि कैसे देश के किसी भी हिस्से में कांग्रेस के आंदोलन में किसी किस्म की हिंसा होती थी या कोई भी गलती होती तो महात्मा गांधी उसका प्रायश्चित करते थे। घटना कहीं की भी हो और महात्मा गांधी कहीं भी रहे हों लेकिन वे शुद्धि के लिए उपवास करते थे, प्रायश्चित करते थे। अगर राहुल तर्क, कुतर्क करने की बजाय गांधी मार्ग पर चलते और माफी मांग लेते, प्रायश्चित करते तो मामला भी खत्म होता और उनका कद भी बड़ा हो जाता। चुनाव से ठीक पहले जो नुकसान होता दिख रहा है वह भी नहीं होता क्योंकि भाजपा को ऐसे आंदोलन करने का मौका ही नहीं मिलता।

दूसरा सवाल यह है कि मानसिक रूप से विक्षिप्त और बकरी से दुष्कर्म में जेल काट चुका व्यक्ति कांग्रेस और राजद के इतने बड़े कार्यक्रम के मंच पर कैसे पहुंचा। तीसरा सवाल है कि विक्षिप्त व्यक्ति ने मंच से राहुल गांधी या तेजस्वी को गाली क्यों नहीं दी। जाहिर उसकी गाली मोदी के प्रति उसकी नफरत को दिखाती है, जिसे भाजपा पूरे समुदाय के मन में मोदी के प्रति नफरत के रूप में पेश कर रही है। चौथा सवाल है कि उसने गाली दी तो उस समय मंच पर मौजूद दिख रहे कांग्रेस के नेताओं ने क्या किया। अगर उस व्यक्ति ने राहुल या तेजस्वी को वही गाली दी होती, जो उसने मोदी को दी तो मंच पर मौजूद कांग्रेस व राजद के नेताओं ने उसे मारपीट कर अधमरा कर दिया होता और उसी समय पुलिस के हवाले किया होता। लेकिन उसने प्रधानमंत्री को गाली दी तो मंच पर मौजूद किसी व्यक्ति ने उसे कुछ नहीं कहा और न पुलिस में शिकायत की। बाद में जब मीडिया में यह मुद्दा बना तब उस व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई हुई और कांग्रेस, राजद ने तर्क गढ़ने शुरू किए।

कांग्रेस के जेएनयू से निकले एक युवा नेता से जहां भी इस पर सवाल पूछा जा रहा है तो वे मीडिया के लोगों से पलट कर पूछते हैं कि, 'क्या गाली दी गई'। क्या यह कोई समझदारी की बात है। क्या वे चाहते हैं कि उनके सामने गाली दोहराई जाए और अगर कोई गाली दोहराता नहीं है तो इसका मतलब है कि उस गाली का अस्तित्व नहीं है। इसी तरह कांग्रेस और राजद की ओर से कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी महिलाओं के प्रति अपशब्द कहे हैं। तो क्या इस आधार पर उनकी मां को गाली दी जा सकती है या गाली देने वाले का बचाव किया जा सकता है। उन्होंने अपशब्द कहे तो आज तक विपक्ष को इसे मुद्दा बनाने का मौका मिल रहा है। आज तक विपक्ष उनको महिला विरोधी ठहरा रहा है। लेकिन उनको महिला विरोधी ठहराने के लिए विपक्ष का अपना आचरण तो उससे अलग होना चाहिए!

सबसे हैरानी की बात यह है कि राजद के कथित पढ़े लिखे प्रवक्ता जो एब्सर्ड तर्क खोज कर ला रहे हैं उनको पार्टी के सुप्रीम नेता तेजस्वी यादव खुद सोशल मीडिया पोस्ट में लिख रहे हैं। तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, 'प्रधानमंत्री मोदी जी महिलाओं और लड़कियों से बलात्कार करने वाले प्रज्वल रेवन्ना का प्रचार कर उसे जिताने की अपील करें तो वह मोदी जी का मास्टर स्ट्रोक'! इसके आगे वे क्या कहना चाह रहे हैं वह समझ में आ रहा है। लेकिन सोचें, यह कैसा तर्क है। क्या इस तर्क से मोदी को मां की गाली देने को जस्टिफाई किया जाएगा? प्रज्वल पर आरोप है कि उसने कई बरसों तक सैकड़ों महिलाओं का यौन शोषण किया। तो क्या उन बरसों में जितने लोग जेडीएस के साथ रहे सब आरोपी या चरित्रहीन माने जाएंगे। जब प्रज्वल की पार्टी मोदी की सहयोगी बनी उससे पहले कांग्रेस की सहयोगी थी। कांग्रेस ने प्रज्वल के चाचा एचडी कुमारस्वामी को मुख्यमंत्री और प्रज्वल के पिता एचडी रेवन्ना को मंत्री बनाया था और वह भी तब जब 224 के सदन में उनके पास सिर्फ 30 विधायक थे। प्रज्वल के दादा को तो प्रधानमंत्री बनाने का श्रेय लालू प्रसाद लेते हैं। इन तर्कों का मकसद प्रज्वल का या मोदी का बचाव करना नहीं है, बल्कि यह है कि ऐसे तर्कों से मोहम्मद रिजवान उर्फ रिजवी की गाली का बचाव नहीं हो सकता है।

तेजस्वी यादव ने यह भी लिखा कि प्रधानमंत्री ने किसी की मां को 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड कहा। मोदी ने यह बात सुनंदा पुष्कर के लिए कही थी, जिनको फरवरी 2010 में आईपीएल की कोच्चि टीम में 50 करोड़ की हिस्सेदारी मिली थी। उस समय वे शशि थरूर की दोस्त थीं और जिस कंपनी में 18 दिन पहले निदेशक बनी थीं उस कंपनी को आईपीएल की कोच्चि की टीम मिल गई थी और सुनंदा को 50 करोड़ की हिस्सेदारी मिल गई थी। यह विशुद्ध रूप से भ्रष्टाचार और मिलीभगत का मामला था। हालांकि मोदी ने तत्कालीन यूपीए सरकार और उसके केंद्रीय मंत्री शशि थरूर पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के लिए जो शब्द चुने उनको सही नहीं ठहराया जा सकता है लेकिन क्या उस आधार पर उनको दी गई गाली को सही ठहराया जाएगा। अब भी समय है कि विपक्ष इस मामले को खत्म करने का प्रयास करे क्योंकि यह मामला जितना बढ़ेगा उतना नुकसान करेगा।

# भारत की सार्वभौमता को सीधी चुनौती

//हरिशंकर व्यास//

**यों डोनाल्ड ट्रंप के मुंह अब कोई नहीं लग रहा है इसलिए भारत का रिएक्ट न होना ठीक ही है! लेकिन बावजूद इसके वे और उनके करीबियों ने जिस तरह भारत को कटघरे में खड़ा किया है वह भारत की सार्वभौमता को सीधी चुनौती है। विश्व राजनीति में कभी किसी देश को जुबानी इस तरह जलील नहीं किया गया, जैसे ट्रंप प्रशासन भारत को आए दिन जलील कर रहा है। सोचें, ट्रंप के व्यापार सलाहकार नवारो ने रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को 'मोदी वॉर' बताया। बुधवार को 'ब्लूमबर्ग टीवी' को दिए इंटरव्यू में उन्होंने भारत पर जंग को बढ़ावा देने और दोहरा खेल खेलने का सीधा आरोप लगाया। फिर उन्होंने भारत को चेतावनी देने के अंदाज में कहा, 'भारत तुम तानाशाहों (चीन, रूस) के साथ मिल रहे हो। चीन ने अक्साई चिन और तुम्हारे कई इलाके पर कब्जा किया है। और रूस जाने भी दो। ये आपके दोस्त नहीं हैं'।**

इससे पहले अमेरिका वाणिज्य मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा था कि- 'यूक्रेन युद्ध के पहले भारत की कुल तेल खरीदारी का एक फीसदी से भी कम हिस्सा रूस से आता था। अब यह 42 प्रतिशत है। इस तरीके से भारत के कुछ सबसे धनी घरानों ने (अंबानी) सस्ते रूसी तेल को खरीदने के बाद उसे बेच कर 16 बिलियन डॉलर की रकम कमाई है। यह अवसरवादी तरीका अस्वीकार्य है।' तो ट्रंप के शीर्ष आर्थिक सलाहकार और नेशनल इकोनॉमिक काउंसिल के डायरेक्टर केविन हैसेट के मुताबिक्, अगर भारतीय नहीं झुकते, तो मुझे नहीं लगता कि राष्ट्रपति ट्रंप भी झुकेंगे। उधर बुधवार को ही व्हाइट हाउस में डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी कैबिनेट बैठक में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को रोकने का श्रेय लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपनी बातचीत का ब्योरा साझा किया। उनके शब्दों में, मैंने कहा, 'क्या हो रहा है। मैं कोई ट्रेड डील नहीं करूंगा। आप लोग (भारत और पाकिस्तान) परमाणु युद्ध करने जा रहे हैं। आप लोग परमाणु युद्ध में ही फंसेंगे।' ट्रंप ने आगे कहा, फिर मैंने देखा कि सात जेट मार गिराए गए। मैंने कहा, 'यह अच्छी बात नहीं है'। ये तो बहुत सारे जेट हैं। आप जानते हैं कि 15 करोड़ डॉलर के विमान मार गिराए गए। बहुत सारे। सात, शायद उससे भी ज़्यादा। उन्होंने असली संख्या भी नहीं बताईज़ मैंने कहा, 'कल मुझे फिर से फ़ोन कीजिए, लेकिन याद रखिए, हम आप लोगों के साथ कोई ट्रेड डील नहीं करेंगे 'और इस बातचीत के पांच घंटे के भीतर दोनों पक्ष पीछे हट गए। साथ ही ट्रंप ने यह भी दोहराया कि उनके दखल ने पाकिस्तान को पीछे हटने पर मजबूर किया।

जबकि याद करें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 29 जुलाई 2025 को संसद में दो टूक कहा था कि उनकी ट्रंप से कोई बात नहीं हुई। मोदी का इतना भर कहना था, नौ मई की रात को अमेरिकी उप राष्ट्रपति एक घंटे से बात करने की कोशिश कर रहे थे। बाद में मैंने उन्हें फोन किया कि आपका तीन चार बार फ़ोन आया था। उन्होंने मुझसे कहा कि पाकिस्तान बड़ा हमला करने वाला है। मेरा जवाब था, अगर पाकिस्तान का ये इरादा है तो उसे बहुत महंगा पड़ेगा और हम उससे भी बड़ा हमला करके जवाब देंगे।

सवाल है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसद में बोले इसी वाक्य के हवाले से भारत सरकार ट्रंप को यह मुंहतोड़ जवाब नहीं दे सकती कि क्यों झूठ बोलते हो। हमारे प्रधानमंत्री की तो आपसे बात तक नहीं हुई थी। ट्रंप और अमेरिका झूठ बोल रहे हैं।

पर डोनाल्ड ट्रंप सार्वजनिक तौर बार बार बोल कर भारत को झूठा करार दे रहे हैं। क्या भारत को दो टूक खंडन नहीं करना चाहिए। बुधवार को ट्रंप ने मोदी का नाम ले कर भी बोला। कहा, मैं एक बहुत ही शानदार शख्स (नरेंद्र मोदी) से बात कर रहा था, भारत के मोदी से। मैंने पूछा, आपके और पाकिस्तान के बीच क्या चल रहा है। जफिर मैंने पाकिस्तान से व्यापार के बारे में बात की। मैंने कहा, 'आपके और भारत के बीच क्या चल रहा है।' सो, अब यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी का संसद में कहा और ट्रंप के कहे में वह फर्क है, जिससे प्रधानमंत्री मोदी के संसद में झूठ बोलने की धारणा बनती है। यदि विपक्ष चाहे तो मोदी के झूठ बोलने के हवाले संसद में विशेषाधिकार प्रस्ताव का नोटिस दे सकता है। पर राजनीति से अधिक भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा का मसला है। इससे हर उस देश, यूरोपीय, पश्चिमी सभ्यता के लिबरल, लोकतांत्रिक बिरादरी में भारत की बदनामी है। ट्रंप प्रशासन द्वारा यूक्रेन-रूस लड़ाई को 'मोदी वॉर' बनाना और धंधेबाजी में भारत के किसी भी सीमा तक जाने तक नैरेटिव बेहद अपमानजनक है। वैसे समझ नहीं आ रहा है कि ट्रंप प्रशासन भारत से इतना खुन्नस में क्यों है। बुधवार को ट्रंप और नवारो के बयान के बाद अमेरिकी ट्रैरिफ घटने की उम्मीद के जल्द पूरी होने के आसार कम हो गए है। अमेरिका के बाजार में भारत का सामान महंगा रहेगा। वहां नहीं बिकेगा। यह भी नोट रखें ट्रंप प्रशासन खुले दिल पाकिस्तान की पीठ थपथपाते रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी जापान के प्रधानमंत्री या चीन-रूस के राष्ट्रपति शी जिनफिंग व पुतिन से चाहे जितने फोटोशूट करा लें लेकिन यदि यूक्रेन-रूस लड़ाई चलती रही तो वैश्विक बिरादरी में भारत का अलगाव अकल्पनीय बनेगा।

## देश में बाढ़ से भीषण तबाही,नोएडा के कई सेक्टर बाढ की चपेट में आने का मतलब

मेट्रोलॉजी डिपार्टमेंट ऑफ इंडिया ने घोषणा की है कि पूरे सितंबर 2025 में विशेषकर उत्तर भारत, हिमालय, और पश्चिमी घाट से लगे क्षेत्रों में भारी बारिश होगी। अभी पूरे देश में बारिश के नदियों, गंगा, जमुना, और छोटी मोटी नदियों में आए पानी से संपूर्ण उत्तर भारत में बाढ़ आ गई है वह भी इतनी भीषण है कि दिल्ली के निचले इलाकों में पानी भर गया है। नोएडा सरीखी अत्याधुनिक कॉलोनी में कई सेक्टरों

पानी भर गया है स्कूल कॉलेज, ऑफिस बंद कर दिए हैं। यमुना नदी का पानी का जल स्तर खतरे के निशान से चार मीटर ऊपर बह रहा है। यमुना नदी ने पंजाब हरियाणा को पूरी तरह डुबो दिया है। और दूसरी गंगा से मुजफ्फरनगर, बिजनौर, प्रयागराज बनारस गाजीपुर पटना बेगुसराय सीतामढ़ी दरभंगा जिले बुरी तरह प्रभावित है। इन शहरों कस्बों में मकान दो मीटर डूब गए हैं। NDRF, एसडीआरएफ की टीम लोगो का घरों से बाहर निकाल रही है। हिमालय और उत्तरी भारत में हुई भीषण बारिश का पानी अब मैदानों में पसर गया है। हिमाचल प्रदेश, जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश,में फसलों का कोई अतापता नहीं है। अभी हाल ही में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पंजाब हरियाणा,का दौरा किया। वे घोंटू घोंटू पानी में धान की फसल देखने गए। भारत सरकार की एजेंसियां ने अनुमान लगाया है कि अकेले उत्तर प्रदेश में एक लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। सबसे अधिक नुक्सान हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में हुआ है जहां पूरा बुनियादी ढांचा समाप्त हो गया है। कुल्लू मनाली में चंडीगढ़ से आया हाइवे नष्ट हो गया है।वहां के मुख्यमंत्री श्री सुक्खू केंद्र सरकार से वित्तीय सहायता की गुहार लगा रहे हैं। इस भीषण बारिश में न जाने कितने पुल ध्वस्त हो गए हैं। बिहार में भी गंगा नदी की बाढ में तबाही हुई है। दरअसल भारत में जनसंख्या के दबाव में विभिन्न कारणों से अनाप शनाप निर्माण कार्य हुए हैं जिसके चलते नदी नालों , नालियों पर अतिक्रमण हुए हैं। इस वर्ष 1000 मिली मीटर से अधिक बारिश औसत हुई। इस कारण बाढ आना तय था। पूरे उत्तर भारत में बाजरा, धान, उड़द, ग्वार, मूंगफली,जैसी खरीफ की फसल नष्ट हो गई है।

## तस्वीरों की दुनिया



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पंजाब में हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए।




केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी वाराणसी के सर्किट हाउस सभागार में दिशा बैठक की अध्यक्षता करते हुए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के पूर्णिया में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी तथा केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू के साथ पूर्णिया हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया।



बिहार के पटना में पुलिस कर्मियों ने राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे सब-इंस्पेक्टर और कांस्टेबल अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज किया।



मुम्बई में एक मोनोरेल ट्रेन तकनीकी खराबी के कारण अचानक पटरी पर रुक गई।




बिहार की राजधानी पटना में विश्वार्य भवन में इंजीनियर दिवस के अवसर पर अपनी मांगों को लेकर संविदा इंजीनियरों ने आंखों पर काली पट्टी बांधकर सरकारी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया।



गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने मुंबई के राजभवन के दरबार हॉल में महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी मौजूद थे।

# पति की भले ही हिस्सेदारी नहीं लेकिन ससुराल में...

## बहुओं के अधिकार पर कोर्ट का अहम आदेश



**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि वैवाहिक घर में रहने का बहुओं का संरक्षित कानूनी अधिकार है, भले ही वे अपने ससुराल की संपत्ति में सहभागी या उत्तराधिकारी न हों। हाई कोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने यह आदेश दो विवाहिताओं द्वारा सुसराल की संपत्ति में हिस्सेदारी के दावे को चुनौती देने वाली उनकी सास की ओर से दायर याचिका की सुनवाई में दिया।हाई कोर्ट ने सास की वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें कहा गया कि उनके दोनों बेटों की पत्नियां संपत्ति में हिस्सेदारी का दावा नहीं कर सकतीं, इसलिए उनके द्वारा संपत्ति में हिस्सेदारी का मुकदमा कायम नहीं रह सकता। बहुओं ने अपने वैवाहिक घर में रहने का अधिकार और स्वयं को बेदखल करने से रोकने की मांग की थी। मामले में हाई कोर्ट की एकल पीठ ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के तहत बेटियों या बहुओं को संपत्ति में अधिकार नहीं दिया गया है, लेकिन वैवाहिक घर में उनके रहने का अधिकार वैधानिक मान्य है।अदालत ने कहा कि बहुओं को उनके साझा घर में रहने से नहीं रोका जा सकता और घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम के तहत भी उन्हें यह अधिकार प्राप्त है। दरअसल, दो विवाहिताओं ने ग्वालियर के जिला न्यायालय में मुकदमा दायर कर कहा था कि घरेलू हिंसा के बाद वे दोनों अपने सुसराल जनों से अलग ससुराल की संपत्ति के हिस्से के ही मकान में रह रही हैं। उनके ससुराल वाले उन्हें जबरन उस घर से बेदखल कर मकान बेचना चाहते हैं। दोनों विवाहिताओं ने जिला न्यायालय से उन्हें मकान में रहने देने का अनुरोध इस तर्क पर किया कि उनका भी पति-ससुराल की संपत्ति में हिस्सा है।जिला न्यायालय ने उनके इस तर्क को खारिज कर दिया। हाई कोर्ट में दोनों विवाहिताओं की सास ने याचिका दायर कर संपत्ति में हिस्से की उनकी मांग को चुनौती दी।

# भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर बातचीत आज, ट्रंप ने भेजा अपना विशेष दूत

**नईदिल्ली, 16 सितम्बर [एजेंसी]।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया हुआ है। डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के कुछ महीने बाद से ही भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर चर्चा शुरू कर दी थी। बावजूद इसके दोनों देशों के बीच कुछ मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई। लेकिन अब एक बार फिर से दोनों देशों के बीच ट्रेड डील को लेकर उम्मीद जगी है। सोमवार रात ट्रंप का एक विशेष दूत दिल्ली पहुंच चुका है। मंगलवार को राजधानी में दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता होनी है। अगर यह डील पूरी हो जाती है, तो भारत पर लगने वाला 50 फीसदी टैरिफ भी खत्म हो जाएगा। मंगलवार से शुरू होने वाले भारत-अमेरिका ट्रेड डील के नए दौर के लिए दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच भारत आए हैं। सोमवार रात उनके विमान ने दिल्ली में लैंडिंग की। इसके बाद मंगलवार को ब्रेंडन लिंच और उनके समकक्ष व भारत के मुख्य वार्ताकार वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल के बीच बातचीत होगी। भारत और अमेरिका के बीच इसी साल मार्च के महीने में बीटीए पर बातचीत शुरू हुई थी। अक्टूबर-नवंबर 2025 तक दोनों देशों को समझौते के पहले चरण को पूरा करना है। अमेरिका चाहता है कि भारत अपने कृषि और डेयरी क्षेत्र को भी व्यापार के लिए खोले, लेकिन भारत इसके लिए राजी नहीं है। क्योंकि ये क्षेत्र देश के लिए बेहद संवेदनशील हैं और आबादी के एक बड़े हिस्से को आजीविका प्रदान करते हैं। अपना दूसरा कार्यकाल संभालने के बाद से ही ट्रंप ने रेसीप्रोकल टैरिफ की नीति अपना ली थी। उन्होंने भारत पर ज्यादा टैरिफ वसूलने का आरोप भी लगाया था।

इसके बाद एक लंबे होल्ड के बाद अमेरिका ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगा दिया। लेकिन जब ट्रंप का इससे भी मन नहीं भरा, तो उन्होंने रूस से तेल खरीदने को आधार बनाते हुए भारत पर अतिरिक्त 25 फीसदी यानी कुल 50 फीसदी टैरिफ थोप दिया। हालांकि तनाव के बावजूद भारत ने सकारात्मक रुख रखा। पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिका राष्ट्रपति की भावनाओं और दृष्टिकोण को सराहा और कहा कि वह पूरी तरह से उनका समर्थन करते हैं। ट्रंप ने भी अलग-अलग मौकों पर पीएम मोदी को अपना सबसे अच्छा दोस्त कहा। इसी का नतीजा है कि भारत और अमेरिका के बीच एक बार फिर से व्यापार समझौते को लेकर पहल शुरू हो गई है।

## अस्पतालों की तैयारी और... डेंगू से निपटने के लिए नड्डा ने राज्यों को दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को एनसीआर क्षेत्र के राज्यों से डेंगू से निपटने के लिए अपनी तैयारियों का पुनर्मूल्यांकन करने का आग्रह किया है। उन्होंने लंबे समय तक चलने वाले बरसात के मौसम और कुछ इलाकों में जलभराव को देखते हुए राज्यों को सतर्क किया है।भारत में 2024 की इसी अवधि की तुलना में 2025 तक डेंगू के मामलों में 47 प्रतिशत की गिरावट और इस बीमारी से होने वाली मौतों में 73 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। दिल्ली-एनसीआर में डेंगू से निपटने की तैयारियों पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए नड्डा ने डेंगू नियंत्रण में सामुदायिक भूमिका पर जोर देते हुए जन भागीदारी के माध्यम से जन चेतना का आह्वान किया। नड्डा ने कहा कि अस्पतालों की तैयारी और सामुदायिक भागीदारी डेंगू से निपटने की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण हैं। बैठक में संबंधित राज्यों को दिल्ली-एनसीआर में निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया को मजबूत करने की भी सलाह दी गई।बैठक में दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव, एम्स दिल्ली के निदेशक एम श्रीनिवास, दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह और गाजियाबाद नगर निगम की महापौर सुनीता दयाल के साथ-साथ दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के अन्य वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी और अस्पताल प्रतिनिधि शामिल हुए।

# भारत से मुंह की खाने के बाद बौखलाया पाकिस्तान, अपने ही अधिकारी पर गिरा दी गाज!

**नईदिल्ली, 16 सितम्बर [एजेंसी]।**

दुबई में खेले गए इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में हार के बाद पाकिस्तान के खिलाड़ी भारतीय खिलाड़ियों से हाथ मिलाना चाहते थे, लेकिन भारतीय टीम ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और ड्रेसिंग रूम का दरवाजा बंद कर लिया। इस तरह बड़े टूर्नामेंट में अपने देश का बहिष्कार होने से बौखलाए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपने ही अधिकारी के खिलाफ एक्शन ले लिया है।भारतीय टीम के बहिष्कार से बौखलाए पाकिस्तान ने अपने ही अधिकारी पर गाज गिरा दी है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, भारतीय खिलाड़ियों के पाकिस्तानी टीम से हाथ न मिलाने के विवाद के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक उस्मान वाहला को निलंबित कर दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को एशिया कप 2025 का महामुकाबला खेला गया था। इस मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान की टीम से हाथ नहीं मिलाए थे। कप्तान सूर्यकुमार यादव छक्के से टीम को जीत दिलाकर पवेलियन की तरफ लौट आए थे, जबकि पाकिस्तानी खिलाड़ी मैदान पर ही मौजूद थे।

दुबई में खेले गए इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में हार के बाद पाकिस्तान के खिलाड़ी भारतीय खिलाड़ियों से हाथ मिलाना चाहते थे, लेकिन भारतीय टीम ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और ड्रेसिंग रूम का दरवाजा बंद कर लिया। इस तरह अपने देश का बहिष्कार होने से बौखलाए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपने ही अधिकारी के खिलाफ एक्शन ले लिया है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, भारतीय खिलाड़ियों के पाकिस्तानी टीम से हाथ न मिलाने के विवाद के बाद पीसीबी ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक उस्मान वाहला को निलंबित कर दिया है। पाकिस्तान के ए स्पोर्ट्स ने सूत्रों के हवाले से दावा किया कि, वाहला को मैच रेफरी के आचरण और भारत की कार्रवाई पर औपचारिक प्रतिक्रिया देने में देरी के कारण पद से हटाया गया है।इससे पहले सोमवार को पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भी भारत के बहिष्कार पर प्रतिक्रिया दी थी।

# झारखंड में आज भारी बारिश का अलर्ट, महाराष्ट्र में जलभराव के बाद सेना की मदद, जम्मू-देहरादून में बादल फटा



**नई दिल्ली ।** देशभर में मानसूनी बारिश का कहर जारी है। जम्मू-कश्मीर के रियासी में बादल फटने से बाढ़ आई, जबकि हिमाचल में भूस्खलन से मां-बेटी फंसीं। मणिपुर की नदियों के तटबंध टूटे, झारखंड में भारी बारिश का अलर्ट है। महाराष्ट्र में मुंबई और मराठवाड़ा सबसे ज्यादा प्रभावित हैं, जहां सेना-वायुसेना बचाव कार्यों में लगी है। देशभर में मानसूनी बारिश का कहर जारी है। जम्मू-कश्मीर के रियासी में बादल फटने से आकस्मिक बाढ़ आ गई। हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन की घटनाएं नहीं थम रहीं। मणिपुर में नदियां उफान पर हैं और झारखंड में भारी बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। महाराष्ट्र में मुंबई समेत मराठवाड़ा क्षेत्र में सबसे बुरा हाल है और बचाव कार्यों में सेना और वायुसेना को उतरना पड़ा है। झारखंड के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई। 16 सितंबर की सुबह पांच जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी और 12 अन्य जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के हबीब नगर इलाके में रविवार रात भारी बारिश के बाद आई बाढ़ में दो लोग बह गए। मणिपुर की इंफाल घाटी के विभिन्न हिस्सों में दो प्रमुख नदियों के तटबंध टूट गए, जिससे कृषि भूमि और आवासीय क्षेत्रों के बड़े हिस्से में बाढ़ आ गई। जम्मू-कश्मीर के रियासी के आदिवासी बहुल मादी गांव में सोमवार तड़के तीन बजे के करीब बादल फटने की घटना हुई। इससे गांव में बाढ़ आ गई और घरों में पानी भर गया। हालांकि, इसमें किसी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में अलर्ट के बीच भारी बारिश से हमीरपुर जिले की पंचायत नाहलवीं में स्लेटपोश मकान गिरने से मां-बेटी मलबे में दब गईं। उन्हें कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। सोमवार शाम तक प्रदेश में तीन राष्ट्रीय राजमार्ग समेत 490 सड़कें बंद रहीं और 352 बिजली ट्रांसफार्मर और 163 पेयजल योजनाएं प्रभावित रहीं।महाराष्ट्र के मुंबई और पुणे के साथ ही मराठवाड़ा के आठ जिलों में रविवार की रात मूसलाधार बारिश ने कोहराम मचाया है।

मुंबई में दादर, कुर्ला और बांद्रा रेलवे स्टेशनों पर पटरियों के साथ कई निचले इलाकों में जलभराव हुआ। पुणे के एक गांव में जलभराव में घिरे 70 लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित निकाला गया। मराठवाड़ा के हिंगोली और बीड़ जिले में भारी बारिश से चार लोगों की जान चली गई है। बीड़ के अष्टी तालुका में पानी में फंसे 11 लोगों को वायुसेना ने हेलिकॉप्टर की मदद से बाहर निकाला। बारिश के कारण बीड़ जिले में पहली से सातवीं कक्षा तक के स्कूलों को मंगलवार को बंद रखने का आदेश दिया गया है। सहस्त्रधारा क्षेत्र में सोमवार देर रात बादल फटने से बड़े पैमाने पर नुकसान होने की सूचना है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के मुताबिक मुख्य बाजार में मलबा आने से दो से तीन बड़े होटल और कई दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

# बिहार में अमित शाह फूँकेंगे चुनावी रणभेरी कार्यकर्ताओं में भरेंगे जीत का जोश



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 18 और 27 सितंबर को बिहार दौरे पर रहेंगे, जहाँ वे आगामी विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा की रणनीति को अंतिम रूप देंगे। इस दौरान शाह बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने और 225 सीटों के लक्ष्य को साधने के लिए सीट बंटवारे, उम्मीदवार चयन व अभियान रणनीतियों पर गहन चर्चा करेंगे, जिससे बिहार में भाजपा की चुनावी तैयारियां तेज होंगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 18 सितंबर को बिहार के एक महत्वपूर्ण दौरे की तैयारी कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना और आगामी विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति बनाना है। शाह का यह दौरा भाजपा की गहन तैयारियों का हिस्सा है, जो इस महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के हालिया दौरों के बाद गति पकड़ रहा है। शाह की बैठक दो सत्रों में विभाजित होगी, जिसमें पहला सत्र डेहरी-ऑन-सोन, रोहतास जिले के कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत के लिए समर्पित होगा और दूसरा सत्र बेगूसराय के कार्यकर्ताओं पर केंद्रित होगा, जो भाजपा द्वारा बिहार के लिए निर्धारित पाँच क्षेत्रों में से एक है। भाजपा सूत्रों ने एएनआई को बताया कि भाजपा ने बिहार को पाँच क्षेत्रों में विभाजित किया है और शाह इनमें से दो क्षेत्रों के नेताओं के साथ चुनावी रणनीतियों और तैयारियों पर चर्चा करेंगे।

शाह चुनावी रणनीतियों पर केंद्रित लगभग 2,000-2,500 भाजपा कार्यकर्ताओं, जिनमें ज़िला अध्यक्ष और विधायक शामिल हैं, के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। इस बैठक का उद्देश्य कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना और व्यक्तिगत बातचीत के माध्यम से लोगों से प्रभावी ढंग से जुड़ने के तरीके पर मार्गदर्शन प्रदान करना है।पार्टी की प्रचार रणनीति के तहत, बूथ नेता और कार्यकर्ता 18 से 25 सितंबर तक भाजपा सेवा पखवाड़ा के तहत घर-घर संपर्क अभियान चलाएंगे।

### नीतीश कुमार ने पूर्णिया दौरे के दौरान पीएम मोदी की तारीफ की

# अगले पांच साल में बिहार में 1 करोड़ नौकरियां देने का वादा



**पूर्णिया।** नीतीश कुमार ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मैं एक बार फिर उन्हें बधाई और धन्यवाद देता हूँ। वह पूरे देश और बिहार के लिए बहुत कुछ कर रहे हैं... मैं यहाँ उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का भी आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने बिहार के लिए जितना काम किया है, वह बहुत बड़ी बात है। राज्य सरकार अपना काम कर रही है, लेकिन अब हमें उनका समर्थन भी मिल रहा है।बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पूर्णिया दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया और राज्य के विकास में केंद्र सरकार के सहयोग की सराहना की। बिहार के रोज़गार अभियान पर प्रकाश डालते हुए, मुख्यमंत्री ने अगले पाँच वर्षों में एक करोड़ रोज़गार सृजित करने की महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की। कुमार ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मैं एक बार फिर उन्हें बधाई और धन्यवाद देता हूँ। वह पूरे देश और बिहार के लिए बहुत कुछ कर रहे हैं... मैं यहाँ उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का भी आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने बिहार के लिए जितना काम किया है, वह बहुत बड़ी बात है। राज्य सरकार अपना काम कर रही है, लेकिन अब हमें उनका समर्थन भी मिल रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अगले पाँच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोज़गार और नौकरियाँ प्रदान करेंगे। अब बिहार में नए उद्योग स्थापित करने के लिए विशेष सहायता दी जा रही है; सब कुछ किया जा रहा है। वहीं, नीतीश ने एक्स पर लिखा कि आज आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की उपस्थिति में पूर्णिया जिले में आयोजित 36000 करोड़ रुपए से अधिक की विद्युत, रेलवे, पूर्णिया एयरपोर्ट, आवासन एवं शहरी कार्य, जल शक्ति, ग्रामीण विकास, कृषि, पशुपालन तथा डेयरी क्षेत्रों की विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास, शुभारंभ एवं उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुआ। इस दौरान लगभग 5000 करोड़ रुपए की लागत की योजनाओं के लाभों का भी वितरण हुआ।उन्होंने आगे लिखा कि पूर्णिया हवाई अड्डे पर नए सिविल एनक्लेव के विकास से पूर्णिया के लोगों से एयरपोर्ट का किया गया वादा आज पूरा हो गया। पूर्णिया एयरपोर्ट से आज विमान सेवा की शुरूआत होने से पूर्णिया एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा। नई लाइनों और रेलगाड़ियों के परिचालन से कुशल एवं किफायती रेल यात्रा के साथ माल ढुलाई के लिए सुविधा बढ़ेगी जिसका सीधा फायदा बिहार के लोगों को होगा।

# इंदौर में बेकाबू ट्रक ने लोगों को कुचला 2 की मौत, सीसीटीवी फुटेज आया सामने

**इंदौर।** इंदौर में एक बड़ा हादसा हुआ है, जहां एक शहर के मल्हारगंज थाना क्षेत्र में एक ट्रक ने कई लोगों को टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में 2 व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना के बाद ट्रक में आग लगने के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह ट्रक एयरपोर्ट से बड़ा गणपति की ओर आ रहा था। वह स्कूटर को घसीटकर ले गया, इस वजह से ट्रक में आग लग गई। इस हादसे में कई लोगों के घायल होने की भी खबर समने आई है। घायलों को बठिया अस्पताल, एमवायएच और मेट्रो हॉस्पिटल भेजा गया है।यह दुर्घटना तब हुई जब एक तेज रफ्तार ट्रक नियंत्रण खो दिया और एक अस्पताल के पास एक व्यस्त मार्ग पर कई ई-रिक्शा सहति कई वाहनों को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक ने कई लोगों और वाहनों को अंधाधुंध टक्कर मारी। एक मोटरसाइकिल ट्रक के नीचे फंस गई और घर्षण के कारण उसमें आग लग गई, जो तेजी से फैल गई और ट्रक को भी अपनी चपेट में ले लिया।

पुलिस और दमकल की टीमें आग पर काबू पाने और बचाव अभियान चलाने के लिए मौके पर पहुंची। घायलों को गीतांजलि अस्पताल ले जाया गया, जहां स्थानीय निवासी भी मदद के लिए आगे आ रहे हैं। अधिकारी दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं और हताहतों की सही संख्या पता लगाने के लिए काम कर रहे हैं।पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय ट्रक चालक बुरी तरह नशे में था। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और प्रारंभिक जांच में शराब के नशे की पुष्टि हुई है।

## जबरदस्ती जय माता दी बुलवाया, बुर्के वाली महिला ने RPF कांस्टेबल के खिलाफ कोर्ट में और क्या-क्या कहा?

**मुंबई।** महाराष्ट्र में ट्रेन गोलीबारी की घटना के एक गवाह ने सोमवार को अदालत में कहा कि आरपीएफ कांस्टेबल ने बंदूक की नोक पर जय माता दी कहने के लिए मजबूर किया था। आरपीएफ कांस्टेबल चेतन सिंह चौधरी ने जुलाई 2023 में चलती ट्रेन में फायरिंग कर चार लोगों की जान ली थी।महिला गवाह ने बताया कि उसे बुर्का पहनने के कारण निशाना बनाया गया। महिला ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वाईबी पठान के सामने गवाही दी। उसने बताया कि आरोपित ने पहले धीरे बोलने पर उसे धमकाया और कहा कि अगर वह इस देश में रहना चाहती है तो जोर से जय माता दी कहना होगा।महिला ने बताया कि जैसे ही चौधरी ने बंदूक तानकर धमकाया, उसने डरते-डरते उसे पकड़कर ऊपर की ओर मोड़ा और आरोपित की पहचान पर सवाल किया। लेकिन आरोपित ने चेतावनी दी कि अगर उसने हथियार को दोबारा छुआ तो वह गोली मार देगा।चौधरी पर आरोप है कि 31 जुलाई 2023 को उसने जयपुर-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस में अपने वरिष्ठ एएसआई टिकराम मीणा और तीन यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना महाराष्ट्र के पालघर स्टेशन के पास हुई थी।

# मेरा दिमाग 200 करोड़ का: गडकरी का इथेनॉल आलोचकों पर पलटवार, दिया करारा जवाब



**नागपुर, 16 सितम्बर [एजेंसी]।**

सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इथेनॉल नीति की आलोचनाओं को खारिज करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला दिया और कहा कि उनका दिमाग 200 करोड़ रुपये प्रति माह का है। उन्होंने अपने बेटों की इथेनॉल कंपनियों से जुड़ी कथित संलिप्तता के आरोपों का खंडन करते हुए स्पष्ट किया कि उनके व्यावसायिक सुझाव लाभ से नहीं, बल्कि विकास से प्रेरित हैं। सरकार के इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम की आलोचना को राजनीति से प्रेरित बताकर खारिज करते हुए, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उनका दिमाग 200 करोड़ रुपये प्रति माह का है और उनके पास पैसों की कोई कमी नहीं है। नागपुर में एग्रीकोस वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मेरा दिमाग 200 करोड़ रुपये प्रति माह का है। मेरे पास पैसों की कोई कमी नहीं है, और मैं नीचे नहीं गिरता।उनकी यह टिप्पणी सरकार द्वारा इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल के प्रचार की आलोचना के बीच आई है। सरकार ने इस बात पर ज़ोर दिया है कि 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल एक स्वच्छ ईंधन है और इससे किसानों को गन्ना और मक्का जैसी अपनी फसलों के लिए बेहतर दाम मिल रहे हैं। आलोचकों का आरोप है कि इस कार्यक्रम से पानी की कमी होगी और वाहनों को नुकसान होगा। मंत्री पर निशाना साधते हुए, उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि दो प्रमुख इथेनॉल कंपनियाँ गडकरी के बेटों द्वारा संचालित हैं। गडकरी ने सीधे तौर पर विवाद का ज़िक्र किए बिना कहा, मैं अपने बेटों को सुझाव देता हूँ, लेकिन धोखाधड़ी नहीं करता। मंत्री ने कहा कि हाल ही में, मेरे बेटे ने ईरान से 800 कंटेनर सेब आयात किए और भारत से ईरान को 1,000 कंटेनर केले निर्यात किए। ईरान के साथ कोई आर्थिक लेन-देन नहीं है।

मेरा बेटा आयात-निर्यात का काम करता है। मेरे पास एक चीनी मिल, एक डिस्टिलरी और एक बिजली संयंत्र भी है। मैं निजी फ़ायदे के लिए कृषि में कोई प्रयोग नहीं कर रहा हूँ। गडकरी ने स्थानीय सब्ज़ी विक्रेताओं को नागपुर में फल मॉल स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने के अपने प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल शहर के प्रमुख स्थानों पर सीधी बिक्री को सक्षम बनाकर व्यापारियों और किसानों को सशक्त बनाती है। गडकरी ने कहा, मैं यह सब अपनी कमाई के लिए नहीं कर रहा हूँ। मेरी आय पर्याप्त है। मेरा दिमाग़ 200 करोड़ रुपये प्रति माह का है। मेरे पास पैसों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि उनके व्यावसायिक सुझाव लाभ से नहीं, बल्कि विकास से प्रेरित हैं।

# टिकटॉक पर बन गई बात! चीन के साथ हुई व्यापार वार्ता के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने दिए बड़े संकेत

**वाशिंगटन, 16 सितम्बर [एजेंसी]।**

डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के साथ व्यापार वार्ता के बाद टिकटॉक डील को लेकर बड़े संकेत दिए हैं, जिसमें एक खास कंपनी के साथ समझौते की घोषणा की गई। यह समझौता अमेरिकी युवाओं की डेटा सुरक्षा चिंताओं और टिकटॉक पर अमेरिकी स्वामित्व की मांग के बीच आया है, हालांकि चीन की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। यह कदम व्यापक अमेरिका-चीन आर्थिक नीति और टैरिफ वार्ताओं में एक महत्वपूर्ण मोड़ है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को घोषणा की कि टिकटॉक को लेकर चीन के साथ विवाद के बीच अमेरिका ने एक खास कंपनी के साथ समझौता कर लिया है। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में उन्होंने यह भी कहा कि वह शुक्रवार को अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग से बात करेंगे। उन्होंने पोस्ट किया कि यूरोप में संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बीच बड़ी व्यापार बैठक बहुत अच्छी रही! यह जल्द ही समाप्त हो जाएगी। एक खास कंपनी पर भी समझौता हुआ, जिसे हमारे देश के युवा बचाना चाहते थे। वे बहुत खुश होंगे! मैं शुक्रवार को राष्ट्रपति शी



जिनपिंग से बात करूँगा। यह रिश्ता बहुत मज़बूत बना हुआ है! हालाँकि, चीन ने अभी तक ट्रम्प के बयान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। चीनी उद्यमी झांग यिमिंग की तकनीकी फर्म बाइटडांस द्वारा विकसित टिकटॉक, अमेरिका में काफी लोकप्रिय रहा है, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों ने बार-बार इस ऐप के चीनी मूल को लेकर चिंता जताई है और बताया है कि चीन के कानून चीनी कंपनियों को उपयोगकर्ताओं का डेटा उन्हें सौंपने का निर्देश देते हैं। गौरतलब है कि ट्रंप की घोषणा से पहले, एक शीर्ष अमेरिकी अधिकारी ने कहा था कि हालाँकि वाशिंगटन और बीजिंग टिकटॉक पर चीन के साथ एक समझौते पर पहुँचने के करीब हैं, फिर भी कई मुद्दे अभी भी अनसुलझे हैं।

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा था, मुझे लगता है कि टिकटॉक सौदे के मामले में, हम बहुत करीब हैं या हमने इस मुद्दे को सुलझा लिया है। एजेंडा में स्पष्ट रूप से सोशल मीडिया की दिग्गज कंपनी के भाग्य को शामिल किया गया, जिसके लिए अमेरिका सबसे बड़ा बाजार है, जबकि चीनी कंपनी बाइटडांस के स्वामित्व वाली एक सहयोगी ऐप घरेलू बाजार पर हावी है। विशेष रूप से, अमेरिका चाहता था कि बाइटडांस टिकटॉक से अपना विनिवेश करके बहुसंख्यक अमेरिकी स्वामित्व हासिल कर ले। अमेरिकी अधिकारियों ने पहले कहा था कि अगर चीन अन्य बिंदुओं सहित कम व्यापार शुल्क की अपनी माँगें नहीं छोड़ता है, तो वे इस लघु-वीडियो ऐप पर प्रतिबंध लगा देंगे। यह मैड्रिड में चल रही शुल्क और आर्थिक नीति पर व्यापक वार्ता के दौर का हिस्सा था।

# महिलाओं के लिए स्टाइलिश विकल्प बन सकता है डंगरी, जानिए इसे पहनने का तरीका

डंगरी एक ऐसा कपड़ा है, जो न केवल आरामदायक होता है, बल्कि स्टाइलिश भी दिखाता है। यह महिलाओं के लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है, खासकर जब बात रोजमर्रा की फैशन की आती है। डंगरी को आप अलग-अलग तरीकों से पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक हर बार नया और खास लगेगा। आइए जानते हैं कि कैसे आप डंगरी को अलग-अलग अंदाज में पहन सकती हैं।

टी-शर्ट के साथ डंगरी का मेल

डंगरी को टी-शर्ट के साथ पहनना एक सुंदर तरीका है। आप अपनी पसंदीदा रंग की टी-शर्ट को डंगरी के नीचे पहन सकती हैं। इससे आपका लुक न केवल आकर्षक लगेगा, बल्कि बेहद आरामदायक भी महसूस होगा। यह स्टाइल खासकर उन दिनों के लिए अच्छा है जब आप किसी खास मौके पर नहीं जा रही होती हैं और बस आराम से समय बिताना चाहती हैं।

छोटे टॉप के साथ पहनें

अगर आप थोड़ा हटके लुक चाहती हैं तो छोटे टॉप के साथ डंगरी पहनना एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यह स्टाइल आपको एक आधुनिक और चलन में लुक देगा। खासकर गर्मियों में यह बहुत ही आरामदायक और स्टाइलिश लगता है। छोटे टॉप के साथ डंगरी पहनने से आपका लुक न केवल नया लगेगा, बल्कि आप खुद भी उसमें बेहद खास महसूस करेंगी। यह स्टाइल हर मौके पर आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा और आपको अलग पहचान देगा।





बेल्ट लगाएं

बेल्ट लगाकर डंगरी को और भी खास बनाया जा सकता है। बेल्ट आपकी कमर को उभारत है और आपके लुक में एक अलग ही निखार लाता है। आप चौड़ी या पतली बेल्ट दोनों का उपयोग कर सकती हैं। यह तरीका न केवल आपके लुक को अनोखा बनाता है बल्कि आपको एक स्मार्ट और फैशनेबल व्यक्तित्व भी देता है। बेल्ट के साथ डंगरी पहनने से आपका लुक और भी आकर्षक और स्टाइलिश लगेगा, जिससे आप हर मौके पर खास दिखेंगी।

एक्सेसरीज का करें उपयोग

एक्ससेरीज का सही उपयोग करके आप अपने डंगरी लुक को और भी खास बना सकती हैं। स्टेटमेंट ईयररिंग्स, रंग-बिरंगे स्कार्फ या फिर स्टाइलिश घड़ी जैसी एक्सेसरीज आपके लुक को नयापन देंगे। एक्सेसरीज आपके व्यक्तित्व को उभारने में अहम भूमिका निभाते हैं, जिससे आप हर मौके पर आकर्षक दिखेंगी। इनकी मदद से आप अपने डंगरी लुक को और भी खास बना सकती हैं और हर अवसर पर एक नया अंदाज जोड़ सकती हैं।

फुटवियर्स पर दें ध्यान

फुटवियर्स आपके पूरे लुक को पूरा करते हैं इसलिए इन पर खास ध्यान देना चाहिए। फ्लैट्स, सादे जूते या हील्स फुटवियर्स सभी तरह से अच्छे लगते हैं, बस यह देखना होगा कि कौन सा आपके कपड़ों के अनुकूल है। सही फुटवियर्स न केवल आपके लुक को पूरा करते हैं बल्कि आपको आराम भी देते हैं। इन सभी तरीकों से आप डंगरी को अलग-अलग अंदाज में पहन सकती हैं और हर बार नया और खास महसूस कर सकती हैं।



## कल्याणी प्रियदर्शन ने बॉक्स ऑफिस पर किया वो कारनामा

हेरा फेरी, हंगामा और भागमभाग जैसी कई सफल कॉमेडी फिल्मों का निर्देशन कर चुके मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन की बेटी कल्याणी प्रियर्दशन इन दिनों खबरों में छाई हुई हैं। जब से उनकी फिल्म लोकाह चैप्टर 1- चंद्रा सिनेमाघरों में आई है, कल्याणी चर्चा में हैं। अब उनकी इस फिल्म ने एक इतना अहम पड़ाव बॉक्स ऑफिस पर पार कर लिया है, जहां तक पहुंचते-पहुंचते फिल्मों के पसीने छूट जाते हैं। इसी के साथ कल्याणी ने भी एक रिकॉर्ड बना लिया है।

कल्याणी ने साल 2017 में अखिल अक्किनेनी अभिनीत तेलुगू फिल्म हैलो से अपना करियर शुरू किया था। इसके बाद से ही अपने काम को लेकर वह काफी सतर्क रही हैं। अब आखिरकार उन्हें उनके धैर्य का फल मिल गया है। दरअसल, डोमिनिक अरुण की ब्लॉकबस्टर फिल्म लोकाह से वह न केवल भारत की पहली महिला सुपरहीरो बनीं, बल्कि मलयालम सिनेमा में बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये की कमाई करने वाली पहली मलयालम अभिनेत्री का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

लोकाह ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये की कमाई कर ली। ये 2025 में मलयालम सिनेमा की तीसरी फिल्म है, जो इस मुकाम तक पहुंची है। कल्याणी ने ये जादुई आंकड़ा पार करने पर सोशल मीडिया पर दर्शकों का शुक्रिया भी अदा किया है। इससे पहले मोहनलाल की एम्पुरान और थुडारम जैसी 2 फिल्में ये उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं। यही नहीं, लोकाह मलयालम सिनेमा की चौथी सबसे कमाऊ फिल्म भी बन गई है।

मलयालम सिनेमा में इस साल मोहनलाल की एल2 एम्पुरान ने 265.5 करोड़ रुपये और थुडारम ने 234.5 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया था। साल 2024 में मंजुम्मेल बॉयज ने 240.5 करोड़ रुपये कमाए थे। अब लोकाह रिलीज के 13 दिनों में दुनियाभर में 202 करोड़ रुपये कमाकर बड़ी फिल्मों की फेहरिस्त में शामिल हो गई है। मलयालम इंडस्ट्री में महिला प्रधान फिल्में कम बनती हैं। लिहाजा लोकाह के लिए इतने बड़े आंकड़े हासिल करना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है।

32 साल की कल्याणी ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत एक सहायक प्रोडक्शन डिजाइनर के रूप में की थी। उन्होंने तेलुगू फिल्म हैलो (2017) से अभिनय की शुरुआत की, जिसके लिए उन्हें दक्षिण की सर्वश्रेष्ठ नवोदित अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। इसके बाद उन्होंने हीरो (2019) के साथ तमिल सिनेमा और वराने अवश्यामुंड (2020) के साथ मलयालम सिनेमा में कदम रखा था। कल्याणी सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री- मलयालम के लिए एसआईआईएमए पुरस्कार भी अपने नाम कर चुकी हैं।

## ब्लू ड्रेस में हिना खान का ग्लैमरस लुक, शेयर की तस्वीरें



टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री हिना खान इन दिनों अपने नए रियलिटी शो पति पत्नी और पंगा को लेकर सुर्खियों में हैं। वह अपने शानदार अभिनय और स्टाइलिश अंदाज के लिए जानी जाती हैं। हिना ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कीं।

हिना ने इन तस्वीरों में डार्क ब्लू कलर की खूबसूरत ड्रेस पहनी है, जो उनकी पर्सनैलिटी को और निखार रही है। इस लुक को और आकर्षक बनाने के लिए उन्होंने मिनिमल मेकअप के साथ ब्लू शेड का आईलाइनर लगाया हुआ है और बालों को हल्के रोल के साथ स्टाइल किया गया है, जो उनके लुक में चार चांद लगा रहा है। हिना ने इन तस्वीरों को कैप्शन दिया, विंग इट आउट, ब्लू ग्लैम।

उनकी तस्वीर को लाखों लोगों ने लाइक किया और कमेंट बॉक्स में फैंस ब्यूटीफुल, गॉर्जियस, और देसी क्वीन जैसे शब्दों से सराहना कर रहे हैं। अभिनेत्री इन दिनों अपने पति रॉकी जायसवाल के साथ रियलिटी शो पति पत्नी और पंगा में नजर आ रही हैं। वहीं, दर्शक भी उन्हें खूब पसंद कर रहे हैं। उनके स्क्रीन प्रेजेंस ने शो को और भी मजेदार बना दिया है। हिना ने अपने करियर में ये रिश्ता क्या कहलाता है जैसे धारावाहिकों से लेकर बिग बॉस और खतरों के खिलाड़ी जैसे रियलिटी शो तक में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अब इस नए शो में उनका अलग अंदाज दर्शकों को बांधे रख रहा है।

# अनार खरीदते समय इन बातों का रखें खास ध्यान, होगा सही चयन



अनार एक सेहतमंद फल है, जो अपने खास स्वाद और स्वास्थ्य के फायदों के लिए मशहूर है। इसे खरीदते समय सही चुनाव करना जरूरी है ताकि घर लाए गए अनार स्वादिष्ट और पौष्टिक हो। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे सुझाव देंगे, जिनकी मदद से आप हर बार सही और स्वादिष्ट अनार चुन सकें। इन सुझावों को अपनाकर आप अपने खरीदारी के अनुभव को बेहतर बना सकते हैं।

रंग पर ध्यान दें

अनार खरीदते समय उसके रंग पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। अच्छे और पके हुए अनार का रंग चमकीला लाल या गहरा लाल होता है। हरे या पीले रंग के अनार कम पके होते हैं, जो स्वाद में भी अच्छे नहीं होते हैं। अगर आप ताजगी और मिठास से भरपूर अनार चाहते हैं तो हमेशा चमकीले लाल या गहरे लाल रंग वाले अनार ही चुनें। इससे आपको हर बार स्वादिष्ट और पौष्टिक फल मिलेगा।

आकार का ध्यान रखें

अनार का आकार भी उसकी अच्छी गुणवत्ता को दर्शाता है। बड़े और गोल आकार वाले अनार आमतौर पर अच्छे होते हैं क्योंकि इनमें अधिक मात्रा में दाने होते हैं, जो मिठास और पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। छोटे या अजीब आकार वाले अनार कभी-कभी कम पके होते हैं या उनमें दाने कम होते हैं, जिससे उनका स्वाद भी प्रभावित हो सकता है। इसलिए हमेशा बड़े और गोल आकार वाले अनार ही चुनें।

छिलके की जांच करें

अनार के छिलके से भी उसकी गुणवत्ता का पता लगाया जा सकता है। अच्छे अनार का छिलका मोटा और चमकदार होता है, जबकि पतले और फटे हुए छिलके वाले अनार कम पके होते हैं या उनमें दाने कम होते हैं। अगर छिलका साफ-सुथरा दिखता है तो समझ जाइए कि अनार ताजा है और इसमें पोषक तत्व भी अधिक मात्रा में होंगे। इस तरह आप हर बार सही और स्वादिष्ट अनार चुन सकते हैं।

सुगंध पर ध्यान दें

अंतिम लेकिन अहम टिप यह है कि अनार की सुगंध पर ध्यान दें। अच्छे और पके हुए अनार से हल्की मीठी खुशबू आती है, जो उन्हें पहचानने में मदद करती है। अगर किसी अनार से सुगंध आ रही हो तो उसे जरूर खरीदें क्योंकि यह संकेत देता है कि वह ताजा और पौष्टिक है। इन सभी सुझावों को ध्यान में रखकर आप न केवल सही चयन कर पाएंगे बल्कि परिवार को ताजगी भरे फल का आनंद भी दे सकेंगे।



## मिराई ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया धमाल, 3 दिनों में दुनिया भर में 81.2 करोड़ से ज़्यादा की कमाई की

सुपरहीरो तेजा सज्जा की मिराई की अभूतपूर्व सफलता के साथ तेलुगु फिल्म उद्योग (टीएफआई) एक अभूतपूर्व उपलब्धि का गवाह बना है। यह अखिल भारतीय एक्शन एडवेंचर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पीढ़ी दर पीढ़ी एक बार होने वाली घटना साबित हो रही है। सुपरहीरो तेजा सज्जा की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म का निर्देशन दूरदर्शी कार्तिक गट्टामनेनी ने किया है और इसका निर्माण प्रतिष्ठित पीपल मीडिया फैक्ट्री बैनर तले टीजी विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद ने किया है। रॉकिंग स्टार मंचू मनोज खलनायक हैं।

12 सितंबर को बड़े बेसब्री से रिलीज़ हुई, मिराई ने सिर्फ़ 3 दिनों में दुनिया भर में ?81.2 करोड़ से ज़्यादा की शानदार कमाई करके सभी उम्मीदों को पार कर लिया है। भारत और विदेशों में दर्शकों ने इस फिल्म को ज़बरदस्त उत्साह के साथ अपनाया है, जिससे हर रिलीज़ सेंटर जश्न के मैदान में बदल गया है।

मिराई बुकिंग एप्स से लेकर बॉक्स ऑफिस तक सभी मोर्चों पर रिकॉर्ड तोड़ रही है।

एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में, पहले ही सप्ताहांत में बुकमायशो पर मिराई के 12 लाख से ज़्यादा टिकट बिक गए। यह फिल्म के अभूतपूर्व क्रेज और युवाओं व परिवारों के बीच इसकी गहरी लोकप्रियता को दर्शाता है।

मध्यम श्रेणी की तेलुगू फिल्मों में, मिराई ने अब तक के दूसरे दिन के बॉक्स ऑफिस पर सर्वाधिक कमाई का रिकॉर्ड बना लिया है, जिससे यह एक ऐसी फिल्म बन गई है, जिसे लोगों ने खूब सराहा है और दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है।

मिराई ने संयुक्त राज्य अमेरिका में 2025 में रिलीज होने वाली किसी भी तेलुगु फिल्म के लिए पहले दो दिनों में सबसे अधिक कलेक्शन दर्ज किया है, जो फिल्म के लिए एक ऐतिहासिक विदेशी शुरुआत है।

हनुमान की सनसनीखेज सफलता के बाद, तेजा सज्जा ने अमेरिका में लगातार दो मिलियन डॉलर की कमाई करके एक और उपलब्धि हासिल की है।

शायद सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि यह है कि मिराई ने हिंदी में सिर्फ 3 दिनों में 10 करोड़ की कमाई कर ली है।

निर्देशक कार्तिक गट्टामनेनी की दृष्टि, पीपल मीडिया फैक्ट्री के भव्य निर्माण मूल्यों के साथ मिलकर, एक सिनेमाई तमाशा प्रस्तुत करती है, जो सुपरहीरो फंतासी को शक्तिशाली भावनाओं के साथ मिश्रित करती है, जो सभी आयु समूहों को आकर्षित करती है।

टीजी विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद द्वारा निर्मित, संगीत गौरा हरि द्वारा रचित।

## एक दीवाने की दीवानियत का गाना बोल कफ्फारा क्या होगा जारी, नेहा कक्कड़ ने लगाए सुर



अभिनेत्री सोनम बाजवा को इन दिनों फिल्म बागी 4 में देखा जा रहा है, जिसमें वह जबरदस्त एक्शन करती दिख रही हैं। उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। अब सोनम जल्द ही फिल्म एक दीवाने की दीवानियत में नजर आएंगी। इसमें उनकी जोड़ी अभिनेता हर्षवर्धन राणे के साथ बनी है। यह दोनों के बीच पहला सहयोग है। अब एक दीवाने की दीवानियत का नया गाना बोल कफ्फारा क्या होगा रिलीज हो गया है। बोल कफ्फारा क्या होगा गाने को नेहा कक्कड़ और फरहान साबरी ने अपनी आवाज दी है, वहीं इसके बोल समीर अंजान ने लिखे हैं। इस गाने में सोनम जबरदस्त डांस करती नजर आ रही हैं। इसमें हर्षवर्धन की भी झलक दिख रही है। फिल्म का टीजर और टाइटल सॉन्ग दीवानियत पहले ही रिलीज हो चुका है, जो विशाल मिश्रा की आवाज में है। दर्शक फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके सह-निर्माता राघव शर्मा हैं। वहीं, इसे अंशुल गर्ग के बैनर देसी म्यूजिक फैक्टरी के तहत निर्माण किया जा रहा है। वहीं, इसकी कहानी मुश्ताक शेख और मिलाप जावेरी ने मिलकर लिखी है। एक दीवाने की दीवानियत एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है, जिसमें प्यार, जुनून, नफरत और पागलपन देखने को मिलेगा। फिल्म को इसी साल दिवाली के खास मौके पर यानी 21 अक्टूबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

## टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल का टीजर जारी, प्राइम वीडियो पर गदर काटने वाली हैं




बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस काजोल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्मों और सीरीज को लेकर चर्चा में बनी हुई है। काजोल की फिल्मों और सीरीज को लेकर एक के बाद एक अपडेट सामने आते रहते हैं। इसके अलावा काजोल अपने लुक्स की वजह से भी सोशल मीडिया पर खबरों में बनी रहती हैं। इन सब के बीच काजोल का नाम एक शो से जुड़ रहा है। इस शो का धांसू टीजर भी रिलीज हो गया है। इस शो में काजोल के साथ बॉलीवुड एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना भी नजर आने वाली हैं। तो चलिए जानते हैं शो को लेकर क्या अपेडट सामने आया है। काजोल और ट्विंकल खन्ना एक बार फिर से चर्चा में आ गई हैं। इसकी वजह काजोल और ट्विंकल खन्ना का नया शो है जो ओटीटी पर धमाल मचाने के लिए आ रहा है। काजोल और ट्विंकल खन्ना मजेदार चैट शो टू मच के साथ प्राइम वीडियो पर गदर काटने वाली हैं। इस शो का टीजर हाल ही में भी रिलीज हो गया है। इस टीजर में दोनों की मस्ती और हंसी-मजाक की केमिस्ट्री साफ दिख रही है, जो फैंस काफी पसंद आ रही है। काजोल और ट्विंकल खन्ना के इस शो में बॉलीवुड के कई स्टार्स बतौर गेस्ट पहुंचने वाले हैं। काजोल और ट्विंकल खन्ना के इस शो में बॉलीवुड के कई ऐसे राज खलने वाले हैं जिनके बारे में किसी ने सोचा नहीं होगा। तो चलिए अब बिना देर किए देखते हैं शो टू मच का ये धांसू टीजर। काजोल और ट्विंकल खन्ना का शो टू मच इसी महीने यानी 25 सितंबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर दस्तक देने वाला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सलमान खान और आमिर खान इस शो में बतौर गेस्ट पहुंच सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -172

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।




**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 171 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | र्या | | न |
| | मं | | | ज | र | दा | | |

## कुर्सी की पेटी बांध लो गूंजेगी वृषभ की दहाड़

मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल अपनी अपकमिंग एक्शन-ड्रामा फिल्म वृषभ में ऐतिहासिक किरदार में नजर आने वाले हैं, जो दर्शकों को देगा ड्रामा, विजुअल्स और ऐसी कहानी जो पहले कभी नहीं देखी. मेकर्स ने कन्फर्म किया है कि कल होगा फिल्म की जर्नी का अगला बड़ा पड़ाव. ग्लोबल फैंस को मिलेगा एक्सक्लूसिव कंटेंट, धमाकेदार कोलैब्स और वृषभ की दुनिया का ऑफिशियल अनावरण. इस बाबत मोहनलाल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, इंतजार खत्मज दहाड़ आज से शुरू, तैयार हो जाइए वृषभ की दुनिया में कदम रखने के लिए. नंदा किशोर के लेखन और निर्देशन में बनी ये फिल्म, भारतीय सिनेमा की सबसे भव्य और महत्वाकांक्षी पेशकश में से एक मानी जा रही है.कनेक्ट मीडिया और बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ अभिषेक व्यास स्टूडियोज ने इसे पेश किया है.

# घट रहें है स्कूल, बढ़ रही है शराब की दुकानें

**एमसीबी।** पूर्व विधायक गुलाब कमरों का तीखा प्रहार सुरेश मिनोचा प्रदेश के उद्योग एवं आबकारी मंत्री लखन लाल देवांगन द्वारा जिले में प्रीमियम शराब दुकान खोले जाने की घोषणा को लेकर राजनीति गरमा गई है। इस बयान पर पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है और भाजपा सरकार पर प्रदेश के भविष्य से खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया है।

गुलाब कमरों ने कहा की प्रदेश में जहां शिक्षा और उद्योगों पर ध्यान देने की जरूरत है वहीं सरकार नशे को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने व्यंग्य कसते हुए कहा की उद्योग मंत्री उद्योग लगाने की बजाय प्रीमियम शराब दुकानों की बात कर रहे हैं। यह प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। आबकारी मंत्री होकर भी अवैध और मिलावटी शराब पर प्रतिबंध नहीं लग पा रहे है। पूरे प्रदेश में अवैध और मिलावटी शराब बिक रही है जिससे सरकार को राजस्व की हानि हो रही है साथ ही युवा वर्ग के स्वास्थ्य और भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

पूर्व विधायक ने याद दिलाया कि कांग्रेस शासनकाल में जब वे विधायक थे। तब भाजपा कार्यकर्ता उनके कार्यालय के सामने शराब की बोतलें लेकर धरना देते थे लेकिन आज जब प्रीमियम शराब दुकानें खोली जा रही हैं तो वही लोग चुप्पी साधे बैठे हैं। उन्होंने भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा की भाजपा सरकार अब शराब की शौकीन सरकार बन चुकी है। अपराध, घरेलू हिंसा और सड़क हादसों की जड़ यही शराब है। रायपुर को विदेशी पैटर्न की पार्टियों के अड्डे में बदलने की तैयारी चल रही है। गुलाब कमरों ने आगे कहा कि प्रदेश में शिक्षा और उद्योगों को दरकिनार कर सरकार खुलेआम नशे का साम्राज्य खड़ा कर रही है। इसके चलते प्रदेश में अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है और युवा वर्ग गलत दिशा की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने जनता से भी अपील की कि आने वाले समय में इस शराब नीति का विरोध करें और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा और उद्योगों को प्राथमिकता देने वाली नीतियों की मांग करें।

### मनेंद्रगढ़, जशपुर समेत छत्तीसगढ़ में 6 नए फिजियोथेरेपी

**एमसीबी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं के लगातार सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। इसी कड़ी में शासन ने प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 6 नए फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है। चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार मनेंद्रगढ़, जशपुर, रायगढ़, बिलासपुर, दुर्ग एवं जगदलपुर में फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों का निर्माण कराया जाएगा। इन महाविद्यालयों के निर्माण कार्य हेतु कुल 83 करोड़ 62 लाख 26 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। प्रत्येक संस्थान के लिए लगभग 13 करोड़ 93 लाख 71 हजार रूपए (लगभग 14 करोड़ ) की राशि निर्धारित की गई है।

## महिला एवं बाल विकास व समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने ली समीक्षा बैठक




**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास व समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने जिले का एक दिवसीय प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने विभाग की समीक्षा बैठक ली, साथ ही शासकीय बौद्धिक मंदता बालक विशेष आवासीय विद्यालय बैकुंठपुर, शक्ति सदन और विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण भी किया।

बैठक में मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को शासन के विकास कार्यों के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी के आसपास सफाई और पोषण वाटिका बनाने, पोषण सब्जियों के उत्पादन, बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही, सुपरवाइजरों को टीम के साथ निरंतर निरीक्षण करने और आंगनबाड़ी केंद्रों की साफ-सफाई रखने को कहा। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने मातृ वंदना योजना से लाभान्वित हितग्राहियों की भी समीक्षा की और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उनको बिहान के समूहों से जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने दोनों विभागों को शासन के योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। इस समीक्षा बैठक में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास दिलदार सिंह मेरावी, संयुक्त संचालक समाज कल्याण भूपेंद्र पांडेय, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर डी.डी. मांडवी, विभाग प्रमुख और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### पूर्व सैनिक शिव नरेश मिश्रा ने 90 वर्ष की आयु मे सुबह 5 बजे अंतिम सांस ली

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मनेंद्रगढ़ के रहने वाले थे । उन्होंने सन 1955 में आर्मी सेवा कोर में शामिल हुए थे। सिपाही नरेश सन 1962 और 1965 में अपने देश के लिए लड़ाई में भाग लिया था वह बताते थे कि हमारी बटालियन को जिम्मेदारी असल बारूद पहुंचने के लिए दिया गया था।

जिसमें हमारी बटालियन के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। सिपाही शिव नरेश मिश्रा की अंतिम दर्शन के लिए भूतपूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष सूबेदार सुनील कुमार सिंह हवलदार राजेश तिवारी, नायक एस के यादव, हवलदार डी डी मिश्रा, नायक कोस्टा जी, तथा सैनिक कल्याण बोर्ड के सदस्य उनके निजस्थान पर उपस्थित हुए, तथा उन्हें तिरंगा एवं फुल रीत चढ़कर अंतिम विदाई दी। पूरी टीम ने मृतआत्मा के लिए मौन रखा।

### गोवा में आयोजित आदिवासी समन्वयक मंच के राष्ट्रीय अधिवेशन में बलरामपुर जिले की सशक्त भागीदारी

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ का नेतृत्व सर्व आदिवासी समाज बलरामपुर के जिला अध्यक्ष बसंत कुजूर ने किया गोवा में आयोजित आदिवासी समन्वयक मंच भारत के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में सर्व आदिवासी समाज बलरामपुर के पदाधिकारियों ने जिले और प्रदेश की ओर से सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। इस पूरे कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का नेतृत्व जिला अध्यक्ष बसंत कुजूर ने किया। अध्यक्ष बसंत कुजूर ने बताया कि इस महत्वपूर्ण अधिवेशन में बलरामपुर जिले के प्रतिनिधि सक्रिय रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, नागालैंड, मणिपुर, असम सहित देशभर के आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों व वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भाग लिया। अधिवेशन के दौरान विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने पारंपरिक लोकनृत्य प्रस्तुत कर आदिवासी संस्कृति और विरासत को जीवंत किया। साथ ही, मंच पर जल-जंगल-जमीन की सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार, परंपरा का संरक्षण, युवाओं की भागीदारी और समाज को आधुनिक परिवेश में सशक्त बनाने जैसे ज्वलंत मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। इस राष्ट्रीय अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य देशभर के आदिवासी समाज को एक साझा मंच पर लाना, उनकी समस्याओं को समझना और समाधान हेतु सामूहिक रणनीति तैयार करना रहा। बलरामपुर जिले की ओर से भी समाज की समस्याओं व चुनौतियों को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया गया। दो दिवसीय अधिवेशन में सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपने क्षेत्रों में चल रही सामाजिक गतिविधियों और संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए साझा रूप से यह विचार व्यक्त किया कि आदिवासी समाज की एकता और सामूहिक प्रयासों से ही सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक चुनौतियों का समाधान संभव है।

## विद्यार्थियों के साथ जन्मदिन की खुशियों को साझा किया जिपं अध्यक्ष मोहित ने





### छात्राओं को वितरण की गई साइकिल

**कोरिया पांडवपारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरदिया के कक्षा नौवीं के 13 छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरण किया गया।छत्तीस गढ़ शासन की महत्वाकांछी सरस्वती सायकल योजना, के अंतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा के कर कमलों से वितरित किया गया।साथ ही इनके जन्म दिवस के उपलक्ष्य में शाला परिवार के साथ मिलकर केक काटा गया एवम् बच्चों को मिठाई वितरित किया गया।शाला प्रांगण में यूथ एवम् ईको क्लब के तहत पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जनपद पंचायत अध्यक्ष उदय सिंह ,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संगीता सोनवानी, शाला समिति के अध्यक्ष राम लखन यादव , जनपद सदस्य श्रीमती कामिनी, रंजीत मंडल जनपद सदस्य,सरपंच ग्राम पंचायत बर्दिया श्रीमती प्रेमवती सिंह,रवि चक्रधारी,सच्चिदानंद द्विवेदी, बसंत राय,सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ एवम् छात्र छात्राएं उपस्थि रहे। कार्य क्रम के सफल संचालन में अशोक कुमार का योगदान रहा। प्राचार्य अनिल सिंह के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।




### पालिका प्रशासन की गंभीर लापरवाही

## नशाखोरी का गढ़ बना दीनदयाल परिसर

**कोरिया चरचा कालरी।** वर्तमान नगर पालिका शिवपुर चर्चा के 18 वर्ष पूर्व जब यह क्षेत्र नगर पंचायत क्षेत्र था तब नगर पंचायत के कार्यकाल में वर्ष 2007 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वावलंबन योजना के अंतर्गत स्थानीय बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की मंशा से लॉटरी प्रणाली द्वारा 15 गुमटियों का आवंटन किया गया था। साथ ही, लाभार्थियों को 25,000 की सहायता राशि भी प्रदान की गई थी।

उद्देश्य यह था कि क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियाँ बढ़ें और बेरोजगार युवाओं को आजीविका का साधन मिले। लेकिन आज, लगभग 18 वर्षों का लंबा समय गुजर जाने के बावजूद इस परिसर का स्वरूप पूरी तरह बदल कर खस्ता हाल हो गया है। इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेने वाले कई लोगों ने दुकानों का संचालन कभी शुरू ही नहीं किया। कुछ ने गुमटियों को किराए पर चढ़ाकर वर्षों तक निजी लाभ उठाया, और अभी भी कई गुना अधिक किराए की वसूली कर रहे हैं,तो कुछ ने उन्हें बंद कर रखा। इन लोगों के द्वारा नगर पालिका के द्वारा तत्कालीन समय में निर्धारित न्यूनतमतय किराया भी न तो चुकाया गया और न ही नगर पालिका प्रशासन ने कभी गंभीरता से इसकी वसूली की पहल की। नगर पंचायत से नगर पालिका बनने तक के इन 18 वर्षों में कई जनप्रतिनिधि आए और गए, इनके द्वारा विकास के बड़े-बड़े वायदे किए गए,अनेक नगर पालिका अधिकारियों का तबादला हुआ, किंतु किसी ने भी इस स्थल के विकास की दिशा में गंभीर चिंतन नहीं किया। नगर पालिका की इस उदासीनता के कारण यह स्थल आज नशाखोरी का अड्डा बन चुका है। शाम ढलते ही असामाजिक तत्व यहां सक्रिय हो जाते हैं, गांजा, शराब व अन्य मादक पदार्थों का उपयोग करते हैं नशे में धुत ये असामाजिक तत्व गाली गलौज और मारपीट करते रहते हैं जिससे आसपास का सामाजिक वातावरण दूषित हो रहा है। स्थानीय नागरिकों की मांग है कि इस जगह पर नए सिरे से एक आधुनिक व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाए*और उसका आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत वास्तविक जरूरतमंद बेरोजगार युवाओं को किया जाए। साथ ही, जिन लोगों ने वर्षों से किराया नहीं चुकाया है, उनसे कठोर कार्रवाई कर बकाया वसूला जाए और ऐसे अपात्र लोगों को भविष्य में कोई लाभ न दिया जाए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वावलंबन योजना जनहितकारी थी किंतु इसका स्वरूप आज लापरवाही और निजी स्वार्थ का प्रतीक बन गया है अब देखने वाली बात यह है कि नगर पालिका शिवपुर-चर्चा के वर्तमान अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी इस 18 वर्षों से उपेक्षित स्थल को जन जन के स्वावलंबन का सपना साकार करेंगे, या फिर यह मुद्दा भी एक बार फिर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। पंडित दीनदयाल स्वावलंबन योजना के सभी हितग्राहियों को नोटिस देकर किराए की वसूली की जाएगी इसके अतिरिक्त उक्त स्थल के लिए विकास योजना बनाई जाएगी।

## सर्वेश्वरी समूह का 65वां स्थापना दिवस बैकुंठपुर में धूमधाम से मनाया जाएगा

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में समाज सेवा और जनहित कार्यों में अग्रणी सर्वेश्वरी समूह का 65वां स्थापना दिवस इस वर्ष विशेष उत्साह और गरिमा के साथ मनाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, 21 सितंबर को पूरे देश में सर्वेश्वरी समूह के स्थापना दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में बैकुंठपुर स्थित शाखा में भी विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन तय किया गया है। सर्वेश्वरी समूह विगत छह दशकों से अधिक समय से समाजहित के लिए कार्यरत है। यह समूह शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति अभियान, महिला सशक्तिकरण और जरूरतमंदों की सहायता जैसे क्षेत्रों में निरंतर कार्य करता आ रहा है। स्थानीय स्तर पर भी इस संगठन ने कई सराहनीय पहलें की हैं, जिसके चलते आम जनता में इसका विश्वास और लोकप्रियता निरंतर बढ़ती रही है। स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रात:कालीन प्रभात फेरी से शुरुआत होगी, जिसमें संगठन से जुड़े सदस्य और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में भाग लेंगे। इसके बाद समूह द्वारा रक्तदान शिविर, पौधारोपण कार्यक्रम और नशामुक्ति पर जनजागरण रैली आयोजित की जाएगी। दोपहर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से संगठन के आदर्श और मूल्यों को प्रस्तुत किया जाएगा, वहीं शाम को मुख्य अतिथियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के संबोधन होंगे। सर्वेश्वरी समूह की विशेषता यह है कि यह केवल शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि गांव-गांव तक इसकी शाखाएं सक्रिय हैं। ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य शिविर लगाना, गरीब विद्यार्थियों को पढ़ाई में सहयोग देना और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जनजागृति अभियान चलाना इस संगठन की प्रमुख पहचान है। बैकुंठपुर में भी यह समूह समय-समय पर स्थानीय जरूरतों के अनुसार कार्यक्रम आयोजित करता रहा है, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचता है। स्थापना दिवस पर समूह के वरिष्ठ सदस्यों का कहना है कि संगठन का उद्देश्य समाज को नई दिशा देना और हर वर्ग को समान रूप से आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। उनका मानना है कि सेवा ही सर्वोच्च धर्म है और इसी विचारधारा को लेकर यह समूह निरंतर आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर जिलेभर से सर्वेश्वरी समूह के कार्यकर्ता, पदाधिकारी और नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। अनुमान है कि यह आयोजन न केवल समाज में आपसी भाईचारा और एकता को बढ़ावा देगा, बल्कि युवाओं को भी सामाजिक सेवा से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा। निश्चित तौर पर 65 वर्ष पूरे कर चुके इस समूह का योगदान समाजहित में अतुलनीय है। इसके माध्यम से किए जा रहे कार्य न केवल लोगों के जीवन स्तर में सुधार ला रहे हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा बन रहे हैं। बैकुंठपुर में होने वाला यह आयोजन पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है और इस अवसर पर समाज में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार होना तय है।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक में कलेक्टर सम्मानित

**कोरिया छत्तीसगढ़।** राष्ट्रीय महिला आयोग के तत्वाधान में शीर्षक से आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में देशभर के 22 राज्यों के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन-प्रशासन में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रभावी कदमों की समीक्षा करना था।

इस महत्वपूर्ण आयोजन में छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के कलेक्टर को उनके बेहतरीन कार्यों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। महिला सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण को लेकर जिले में चलाए गए उनके प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। कलेक्टर ने न केवल शासन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया है, बल्कि महिलाओं और बालिकाओं के हित में कई नवाचार भी किए हैं। यही कारण है कि राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस मंच से उन्हें विशेष रूप से सम्मानित करने का निर्णय लिया। उद्घाटन सत्र में संबोधन करते हुए वक्ताओं ने महिला सुरक्षा और समानता से जुड़े तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जोर दिया। पहला, जब किसी गाँव की बेटी आधी रात को भी निडर होकर




स्कूल जा सकेगी, तभी यह समझा जाएगा कि व्यवस्था ने वास्तविक सुरक्षा सुनिश्चित की है। दूसरा, जब किसी महिला को कार्यस्थल पर पूर्ण सम्मान और समान अवसर मिलेगा, तो यह प्रशासन की सजगता और जागरूकता का प्रतीक होगा। तीसरा, जब किसी पीड़िता को त्वरित न्याय मिलेगा, तभी यह व्यवस्था की संवेदनशीलता का प्रमाण होगा। बैठक में विभिन्न राज्यों से आए अधिकारियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए और बताया कि किस प्रकार महिला सुरक्षा और अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। कई अधिकारियों ने यह भी माना कि अभी भी समाज में महिलाओं को लेकर सोच में बदलाव लाना आवश्यक है। शासन-प्रशासन के प्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका से ही यह बदलाव संभव हो सकेगा। कोरिया जिले के कलेक्टर ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस तरह से जिले में बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पहल की गई है। साइकिल योजना, स्कूल सुरक्षा अभियान, महिला समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के प्रयास और बालिकाओं के लिए सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था जैसे कदमों ने जिले में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। इसके अलावा, कार्यस्थलों पर महिलाओं के सम्मान की गारंटी करने और संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्रवाई करने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष निगरानी तंत्र भी बनाया गया है। कार्यक्रम के समापन सत्र में राष्ट्रीय महिला आयोग ने आशा जताई कि इस प्रकार के प्रशिक्षण और समीक्षा बैठकों से न केवल प्रशासनिक स्तर पर सुधार आएगा बल्कि समाज में भी जागरूकता बढ़ेगी। महिला सशक्तिकरण केवल योजनाओं से नहीं, बल्कि उनके सही और प्रभावी क्रियान्वयन से संभव है। इस अवसर पर कोरिया कलेक्टर को मिला सम्मान पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गौरव का विषय है। यह न केवल जिले के प्रशासन की उपलब्धियों की पहचान है, बल्कि यह संदेश भी है कि यदि निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए, तो महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा के क्षेत्र में बड़े परिणाम हासिल किए जा सकते हैं।

## एसडीओपी ने किराएदार महिला से रेप किया...अश्लील वडियो बनाए

**सरगुजा/बलरामपुर।** बलरामपुर में पदस्थ स्ह्हक्क याकूब मेमन पर युवती से रेप का आरोप लगा है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि रायपुर के एक मकान में याकूब ने उसका रेप किया और उसके अश्लील वीडियो बना लिए। शिकायत के बाद SDOP के खिलाफ सरगुजा महिला थाना में जीरो पर FIR दर्ज हुई है।

पीड़िता के मुताबिक, याकूब मेमन जब रायपुर में पोस्टेड था, तब वह उसके घर में किराए के मकान से रहती थी, तभी उसने रेप किया। उसके बाद उसकी बलरामपुर में पोस्टिंग हो गई। जिसके बाद वह अश्लील वीडियो भेजकर उसे बलरामपुर बुलाता था। शिकायत के बाद रायपुर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो पीड़िता ने सरगुजा IG से मामले की शिकायत की। IG दीपक कुमार झा के निर्देश पर FIR हुआ है। वहीं याकूब मेमन ने भी महिला के खिलाफ IG से शिकायत की है। उनके मुताबिक महिला ने पहले आर्थिक मदद मांगी और फिर नजदीकियां बढ़ाईं। फिर प्लानिंग के तहत अश्लील वीडियो बनाए और पैसों की मांग शुरू कर दी। दोनों के बीच वीडियो कॉल पर बातचीत होती थी।वह अब तक उसे डेढ़ लाख रुपए दे चुके हैं।

### आवेदन 30 सितंबर तक

**एमसीबी।** मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर अंतर्गत अस्थायी पटाखा लाइसेंस प्रमाणपत्र अब ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जारी किए जाएंगे। आगामी दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवेदकों को सूचित किया जाता है कि अस्थायी पटाखा लाइसेंस के लिए आवेदन 30 तक ही पोर्टल पर स्वीकार किए जाएंगे।

### महाविद्यालय में रजत जयंती के उपलक्ष्य में हेतु भव्य विविध आयोजन सम्पन्न

**एमसीबी।** शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में सात दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के गौरवमयी 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में एवं वर्ष 2047 तक छत्तीसगढ़ राज्य को विकसित राज्य बनाने के दृष्टि से शासन के निर्देशानुसार कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. श्राबनी चक्रवर्ती के मार्गदर्शन एवं डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई के संयोजन में हुआ। महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रा जया शर्मा बी.कॉम. तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, साक्षी बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान एवं राजकुमार बी.ए. तृतीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ राज्य की 25 वर्षो की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ की कल्पना पर अपने विचार व्यक्त किये। साथ ही छात्र-छात्राओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और संस्कृति के क्षेत्र में तेजी से प्रगति एवं डिजिटल तकनीकी मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के दूसरे चरण में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराया गया जिसमें राजकुमार यादव बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम स्थान, आयुष कुमार सिंह एम.एससी. रसायनशास्त्र तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान एवं वारिस अहमद एम.ए. प्रथम सेमेस्टर, वंदना तिवारी एमएससी. रसायन शास्त्र तृतीय सेमेस्टर, साक्षी गुप्ता एम.एससी. रसायनशास्त्र प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## केलहारी में 37 एकड़ जमीन चिन्हित की औद्योगिक पार्क के लिए, व्यापारियों ने दिया ज्ञापन

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़/ कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स जिला एमसीबी इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन से मुलाकात कर मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी क्षेत्र में बड़े औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की मांग की है।

व्यापारिक संस्था के पदाधिकारियों ने मंत्री को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया है की मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है लेकिन औद्योगिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ है। यदि यहां एल्यूमिनियम एलॉय निर्माण इकाई एवं मोटर वाहन पार्ट्स एसेसरीज़ की फैक्ट्री स्थापित की जाए तो यह क्षेत्र पुन: आर्थिक दृष्टि से समृद्ध हो सकेगा। क्षेत्र में कोयले का विशाल भंडार, जल संसाधनों की प्रचुरता, बालको,कोरबा से एल्युमिनियम की उपलब्धता तथा राष्ट्रीय राजमार्ग के निकटता से परिवहन सुविधा उपलब्ध है। रोजगार सृजन: आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण यहां उद्योग स्थापना से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा और सामाजिकङ्कआर्थिक उत्थान होगा। भूमि उपलब्धता: बंजीङ्कबुंदेली क्षेत्र में पूर्व में आरक्षित लगभग 400 एकड़ भूमि का उपयोग इस औद्योगिक परियोजना के लिए किया जा सकता है। व्यापारिक संस्था कैट के जिला अध्यक्ष पोद्दार ने कहा कि प्रस्तावित उद्योगों से स्थानीय व्यापारियों और लघु उद्यमियों को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। बेरोज़गारी और पलायन की समस्या समाप्त होगी और राज्य सरकार को कर और राजस्व में बढ़ोतरी होगी। संगठन ने परसगढ़ी औद्योगिक क्षेत्र की तर्ज पर इस क्षेत्र में नये औद्योगिक क्षेत्र की घोषणा कर शीघ्र कार्यवाही प्रारंभ करने की मांग की है। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन को ज्ञापन सौंपने के दौरान कैट की तरफसे जिला अध्यक्ष रघुनाथ पोद्दार, जिला महामंत्री अरविंद सराफ जिला कोषाध्यक्ष विनय जायसवाल, जिला प्रभारी एमसीबी कोरिया रफीक मेमन, रोहन परमानिया, राहुल शर्मा, कमल केजरीवाल, शैलेश जैन, रंजीत चोपड़ा, गंभीर सिंह, गुरप्रीत सिंह, कुलजीत सिंह, सन्नू छाबड़ा, रिंकेश खन्ना, लोकेश्वर गुप्ता, शिव सराफ श्रीकांत सिंगतिया, रिशु अग्रवाल, गौतम दुग्गड, बंटी गोयल , पीयूष अग्रवाल, अंकुर केसरवानी और अन्य कैट मेंबर उपस्थित रहे।

## मनरेगा कार्यों को प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए युक्तधारा पोर्टल का प्रशिक्षण संपन्न

**कोरिया बैकुंठपुर।** महात्मा गांधी नरेगा योजना ग्रामीण विकास का एक बेहद सशक्त माध्यम है। इस योजना को युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से और ज्यादा प्रभावी तरीके से पारदर्शिता के साथ क्रियान्वित करने के लिए तकनीकी टीम का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में युक्तधारा पोर्टल पर प्रभावी प्रशिक्षण सत्र का आयोजन जिला पंचायत कोरिया के सभा कक्ष में किया गया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत युक्तधारा पोर्टल पर कैसे कार्य करना है इसकी विस्तृत जानकारी आज जिले के ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े सभी तकनीकी अधिकारियों को प्रदान की गई। युक्तधारा पोर्टल ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता और बेहतर निगरानी के लिए एक डिजिटल मंच है। इस माध्यम का उपयोग अब ग्राम पंचायत स्तर पर कार्ययोजना तैयार करने, कार्यों को सूचीबद्ध करने, स्वीकृत कार्यों की निगरानी करने के साथ पारदर्शिता से क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने का प्रभावकारी माध्यम होगा। इसके माध्यम से उपलब्ध संसाधनों के अधिकतम उचित उपयोग की दिशा तय हो सकेगी। आज जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में विषय विशेषज्ञों ने युक्तधारा पोर्टल पर किस तरह से तकनीकी टीम को कार्य करना है उसका विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया। इस पोर्टल पर डेटा की प्रविष्टि कैसे करें, डैशबोर्ड, उसके साथ कार्ययोजना तैयार करना, कार्यों की लिस्टिंग करना, उसके क्रियान्वयन की निगरानी करना और प्रोजेक्ट मानिटरिंग के साथ उसके डिजिटल प्रबंधन की जानकारी प्रदान की गई। इस एक दिवसीययुक्तधारा पोर्टल पर व्यवहारिक प्रशिक्षण के दौरान जिले के कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, दोनों जनपद पंचायतों के एसडीओ आरईएस, सहायक परियोजना अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी, प्रोग्रामर तथा सभी उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और तकनीकी सहायक शामिल हुए। डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि युक्तधारा पोर्टल मनरेगा योजना के बेहतर और पारदर्शी क्रियान्वयन में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। डिजिटल प्लेटफार्म के उपयोग से आने वाले समय में कार्यों के निस्तारण में समय की बचत के साथ गुणवत्ता भी सुनिश्चित हो सकेगी।

तरुण छत्तीसगढ़
e-Paper
www.tarunchhattisgarhkorba.com



### भाजपाई करेंगे तालाब की साफ-सफाई

**कोरबा।** कल देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपाई स्वच्छता अभियान चलाएंगे। पाली मंडल में शिव मंदिर के निकट तालाब की साफ-सफाई की जाएगी। इस दौरान भाजपा की कमला बरेठ, चंद्रशेखर पटेल, मुकेश कौशिक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। इसी तरह एमपी नगर स्थित उद्यान में स्वच्छता अभियान चलाते हुए पौधे लगाए जाएंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर ने बताया कि भाजपाईयों को उद्यान में आने के लिए कहा गया है। सरदार वल्लभ भाई पटेल कालोनी में भी प्रतिमा की साफ-सफाई करते हुए प्रांगण में साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा। दर्री मंडल के अध्यक्ष मनोज लहरे ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कल अधिकांश मंडलों में साफ-सफाई अभियान चलेगा।

### मशाल रैली में शामिल होंगे ग्रामीण कार्यकर्ता

**कोरबा।** आज कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता सचिन पायलट का कोरबा आगमन हो रहा है। वे मशाल रैली में शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भी व्यापक तैयारी की गई है। ग्रामीण जिलाध्यक्ष मनोज चौहान के द्वारा तीन विधानसभा क्षेत्रों की अलग-अलग बैठक ली गई। दीपका ब्लॉक से विशाल शुक्ला व दिलीप सिंह के नेतृत्व में 35 गाड़ियों में भरकर कार्यकर्ता मशाल यात्रा में शामिल होंगे। बांकी ब्लॉक में भी पूरी तैयारी कर ली गई है। यहां पर टीकाराम मनहर, प्रदीप अग्रवाल, धनंजय दीवान, संतोषी चौहान, कृष्णा दास, फिरोज अनंत के नेतृत्व में कार्यकर्ता कार्यक्रम में आएंगे। महिला कांग्रेस की भुवनेश्वरी दास ने बताया कि कुसमुंडा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। कटघोरा ब्लॉक में भी ब्लॉक अध्यक्ष गोरेलाल यादव ने सभी कार्यकर्ताओं की बैठक ली। शहर में अध्यक्ष नाथू यादव, श्याम नारायण सोनी, दीपचंद केशरवानी, एस.मूर्ति, रामगोपाल यादव भी कार्यकर्ताओं को लेकर पहुंचेंगे।

### दर्शन कर भाजपाई वापस लौटे

**कोरबा।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल के नेतृत्व में 11 भाजपाई गुजरात जाकर द्वारिका मंदिर में दर्शन किए। उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता दुष्यंत शर्मा, संजय शर्मा, अभिषेक गर्ग, अनुराग दुहलानी थे।

### मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से परेशान हैं कालोनीवासी

**कोरबा।** एसईसीएल कालोनी में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से कालोनी निवासी परेशान हैं। कालोनी में दवा छिड़काव किए जाने की मांग आईआर बैठक में करते रहे हैं। कालोनी में जो दवा का छिड़काव हो रहा है वह पर्याप्त नहीं है। मानिकपुर कालोनी में वेलफेयर कमेटी सदस्य मिनीलाल साहू, रामलाल सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने मामले को कई बार प्रबंधन के सामने रख चुके हैं। भगत सिंह कालोनी के मामले को भी वेलफेयर कमेटी सदस्य बाबूलाल चंद्रा, दिनेश साहू कई बार उठा चुके हैं। एसकेएमएस के सुभाष सिंह का कहना है कि कालोनी में दवा का छिड़काव किया जा रहा है वह पर्याप्त नहीं है।

# बारिश की रफ्तार से छलकने के करीब बांगो बांध, 3 गेट खोले

## 20837 क्यूसेक पानी छोड़ा हसदेव नदी में

**कोरबा।** आषाढ़ महीने से शुरू हुई बारिश में सावन और भादो में भी कोरबा जिले पर मेहरबानी जारी रखी। अश्विन महीने तक यह दौर जारी है। पड़ोसी जिलों में हो रही बारिश से हसदेव और उसकी सहायक नदियों से भरपूर पानी आने के कारण कोरबा जिले में हसदेव बांगो बांध परियोजना का जलस्तर फिर से बढ़ रहा है। इससे पहले की बंद के छलकने की स्थिति निर्मित हो सिंचाई विभाग ने तीन गेटों को खोल दिया है।

कोरबा के साथ जांजगीर-चंपा और शक्ति जिले की विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति परियोजना कर रही है। इनमें नागरिकों को जलापूर्ति के साथ-साथ खेतों को सिंचाई और उद्योगों को पानी दिया जा रहा है । सितंबर महीने में बारिश का क्रम विभिन्न क्षेत्रों में बना हुआ है और बरसाती पानी ने हसदेव के साथ इसकी परियोजना को दबाव में ला दिया है । मिनींमाता हसदेव बांगो बांध परियोजना के



कार्यपालन अभियंता धर्मेंद्र नीखरा ने बताया कि पानी के अत्यधिक प्रवाह को दृष्टिगत रखते हुए 16 सितम्बरकी सुबह 9.10 बजे गेट संख्या 4 को 0.25 मीटर, गेट संख्या 6 को 0.50 मीटर सुर गेट संख्या 8 को 0.25 मीटर खोला गया। किन्तु इसके बाद भी बांध का जलस्तर 358.29 मीटर पर स्थिर है। इसलिए जलस्तर को नियंत्रण कर कम करने हेतु सुबह 9.40 बजे गेट संख्या 4 को 0.50 मीटर, गेट संख्या 6 को 1.00 मीटर एवं गेट संख्या 8 को 0.50 मीटर आवश्यकतानुसार ओपन किया गया है।

परियोजना के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि अभी गेट संख्या 4 - 0.50 मीटर, गेट संख्या 6 - 1.00 मीटर एवं गेट संख्या 8 - 0.50 मीटर खुला है। सभी गेटों से कुल 11837 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है और पॉवर प्लांट हाइड्रेल के द्वारा 9,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इस प्रकार बांध से कुल 20837 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा है। संभावना जताई जा रही है कि बारिश की स्थिति और परियोजना के जलस्तर में बढ़ोतरी होने पर प्रवाहित जल की मात्रा बढ़ाई जा सकती है।

दूसरी और प्रशासन के द्वारा येलो अलर्ट को ध्यान में रखते हुए आसपास के क्षेत्र में मुनादी कराई गई है और लोगों को सतर्क किया गया है। इसी क्रम में नदी के तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सावधान करते हुए कहा गया है कि वर्तमान में नदी और नहर में पानी की मात्रा का प्रवाह ज्यादा है इसलिए वहां उतरने से बचे।

### बैराज से 5 हजार क्यूसेक पानी कैनाल में

बांगो बांध परियोजना से नदी में 20840 क्यूसेक पानी प्रवाहित करने पर दर्री स्थित बैराज पर किस तरह की स्थिति बन रही है। इसके जवाब में बैराज के अधिकारी ने बताया कि 5000 क्यूसेक पानी यहां से निकलने वाली नहर में रिलीज किया गया है। पानी की अन्य मात्रा को स्थानीय स्तर पर मैनेज कर लिया जाएगा। अगले निर्णय शाम तक प्रतीक्षा करने के बाद लिए जाएंगे।

**एसईसीएल दीपका से जुड़ा है मामला**

# सवाल उठने पर 2 लाख वाले आदेश को हटाया अंश पोर्टल से

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड दीपका एरिया ने आखिरकार पुराने विकल्प को बने रहने की मानसिकता बनाई है। दो लाख की लागत वाले कार्यों के मामले में एरिया की स्वीकृति वाले आदेश को अंश पोर्टल से हटाने की खबर है।

कुछ दिन पहले ही इस बारे में एक आदेश जारी किया गया था। जिसमें कहा गया था कि दीपिका परियोजना के अंतर्गत कराए जाने वाले ऐसे काम जिम दो लाख रुपए खर्च हो रहे हैं, उनकी स्वीकृति परियोजना के बजाय अब दीप का एरिया कार्यालय से लेनी होगी। जबकि इस प्रकार के कार्यों की स्वीकृति का अधिकार पहले दीपिका परियोजना को ही था और साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की अन्य परियोजनाओं में भी इसी प्रकार का नियम लागू था। दीपिका में प्रबंधन के द्वारा मनमाने तरीके से नया आदेश जारी करने से इसकी आलोचना ही नहीं की गई बल्कि सवाल भी खड़े हो गए कि आखिर यह सब क्यों किया जा रहा है और इसके पीछे मानसिकता क्या है। जानकारी के मुताबिक ट्रेड यूनियन ने इस मामले को लेकर ऊपर तक शिकायत की। कहा गया था कि आर्थिक मनमानी करने के इरादे से व्यवस्था को परिवर्तित करने की कोशिश की जा रही है। अब जानकारी मिली है कि इस कथित आदेश को अंश पोर्टल से हटा दिया गया है। मामले में वास्तविकता का पता तभी चलेगा जब निर्धारित दो लख रुपए की लागत वाले कार्य जारी किए जाएंगे, तब उनकी स्वीकृति के लिए संबंधित लोगों को किस कार्यालय के चक्कर लगाने होंगे।

# रात में सक्रिय पेट्रोल चोरों ने गाड़ी मालिकों की नींद उड़ाई

### एसईसीएल कॉलोनी में लगातार हो रही है चोरी की घटनाएं

**कोरबा।** गेवरा दीपका के साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के कॉलोनी में इन दिनों पेट्रोल चुराने वाले गिरोह सक्रिय हो गए हैं। कॉलोनी के आवास परिसर में खड़े दोपहिया वाहनों से पेट्रोल चोरी की लगातार घटनाएँ सामने आ रही हैं।

बताया गया कि आवास क्रमांक बी-177 प्रगति नगर कॉलोनी निवासी सुरेश कुमार ने थाना दीपका में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी मोटर साइकिल सीजी-12एजी5266 सहित वाहन से पेट्रोल चोरी हुई है। वाहन मालिकों ने सुबह जब बाइक चालू करने की कोशिश की तो पेट्रोल टैंक खाली मिला। स्थानीय लोगों का कहना है कि देर रात कॉलोनी में संदिग्ध युवक घूमते नजर आते है। पीड़ित ने पुलिस से शीघ्र कार्रवाई कर पेट्रोल चोर गिरोह की पकड़ने की मांग की है।

# रेलवे क्रॉसिंग पर गड्ढों का कब्जा, जान जोखिम में

### क्या सुधार के लिए बड़े नेताओं से करनी होगी पहल

**कोरबा।** प्रदेश की एनर्जी कैपिटल कोरबा में रेलवे क्रॉसिंग की समस्या लंबे समय से लोगों के लिए सिरदर्द बनी हुई है। लगातार बढ़ते वाहन दबाव के कारण क्रॉसिंग के आसपास की सड़कें पूरी तरह से उखड़ चुकी हैं। जगह-जगह गड्ढे बन जाने से यातायात बाधित हो रहा है और आए दिन छोटे-बड़े हादसे भी सामने आ रहे हैं।

रेलवे प्रशासन इस पर जिम्मेदारी लेने से बचता नजर आ रहा है। रेलवे का कहना है कि उसका काम केवल ट्रैक और क्रॉसिंग गेट का मेंटेनेंस करना है, लेकिन क्रॉसिंग के आसपास सड़क दुरुस्ती उसकी जिम्मेदारी नहीं है। यही वजह है कि ट्रांसपोर्ट नगर, शारदा विहार और संजय नगर रेलवे क्रॉसिंग पर हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। इनमें बड़े गड्ढे और जर्जर सड़कें लोगों की जान जोखिम में डाल रही हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग और वाहन इन मार्गों



से गुजरते हैं। इनमें आम लोग ही नहीं बल्कि अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल होते हैं, इसके बावजूद संबंधित विभागों और कंपनियों सीएसईबी और बालको ने अब तक कोई ठोस पहल नहीं की।

लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर कब तक इस तरह की समस्याओं को नजरअंदाज किया जाएगा? क्या नगर की इन मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री स्तर तक हस्तक्षेप करना जरूरी होगा?

नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द ही इन रेलवे क्रॉसिंगों की मरम्मत और सड़क दुरुस्ती नहीं की गई तो बड़े हादसे होना तय है। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को इस ओर गंभीरता से कदम उठाने की मांग की जा रही है।

### मुड़ापार की दुर्गंध ने किया नाक में दम

**कोरबा।** एसईसीएल मुख्य मार्ग पर मुड़ापार बाजार और अंबेडकर भवन के बगल से आने वाली दुर्गंध ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। आसपास के निवासी और आवाजाही करने वाला वर्ग इस वजह से परेशान हो रहा है। बताया गया कि मांस दुकानों का अपशिष्ट डंप करने के कारण यह समस्या बनी है।



**ज्ञानवर्धन का नया तरीका :** विद्यालयों में अध्ययन के साथ-साथ विद्यार्थियों को अपने आसपास के परिवेश से संबंधित विषयों को लेकर ज्ञानवर्धन करने की कोशिश जारी है इसमें कई प्रकार के सोपान शामिल किए गए हैं यह तरीके बच्चों को बताने के लिए सहायक साबित हो रहे हैं कि वातावरण के लिए क्या कुछ जरूरी है और इसमें नागरिकों की भूमिका किस प्रकार से दर्ज होनी चाहिए।

### विद्यार्थियों को दिए टिप्स

**कोरबा।** जिले में ट्रैफिक पुलिस के द्वारा जन जागरूकता अभियान लगातार चलाए जा रहा है। इसके अंतर्गत शैक्षणिक संस्थाओं और अन्य प्रतिष्ठानों में पहुंचकर पुलिस की टीम लोगों को जानकारी दे रही है। इस कड़ी में ट्रैफिक पुलिस की टीम इमली डुग्गू स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय पहुची। यहां पर विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने के साथ-साथ नशे से दूर रहने की सलाह दी गई।

# दुर्गा प्रतिमाओं को फाइनल टच देने में जुटे शिल्पकार

**कोरबा।** मिली जुली संस्कृति के अंतर्गत आश्विन नवरात्र पर 22 सितंबर से शुरू हो रहा है। इसके लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में तैयारी जारी है। कोरबा में शिल्पकारों ने आदिशक्ति की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने को लेकर काम की गति बढ़ाई है।

कोरबा के पावर हाउस रोड सीतामढ़ी आदि क्षेत्रों में देवी प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा है। गणेश उत्सव के समय से ही इस काम को शुरू कर दिया गया था। मौसम के तेवर के कारण शिल्पकारों के सामने चुनौतियां वैसे भी बनी हुई है। मौसम खुलने पर जहां उन्हें आसानी हुई वहीं अन्य स्थिति में उपकरणों का सहारा लेकर मिट्टी को सुखाने की व्यवस्था की गई। निर्माण स्थल पर मौसम के लिहाज से आवश्यक बचाव का प्रबंध किया गया है ताकि किसी प्रकार के नुकसान से बचा जा सके। कोरबा में मूर्ति निर्माण के काम में कुम्हार की संख्या सीमित है। पश्चिम बंगाल के शिल्पकार इस काम में लगे हुए हैं जो पिछले कई वर्षों से प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं। आश्विन नवरात्र पर्व के लिए 5 दिन का समय



बाकी रह गया है। मध्य भारत की परंपरा वाले पंडालून में नवरात्रि के प्रथम दिन ही दुर्गा की प्रतिमा स्थापित होगी और पूजा पाठ शुरू होगा। जबकि पूर्व की परंपरा का अनुसरण करने वाली समितियां नवरात्र षष्ठी को प्रतिमाएं स्थापित करेंगे। कोरबा में पूरे भारत के लोग निवास करते हैं इसलिए यहां दुर्गा पूजा के अलग-अलग रूप देखने को मिलते हैं। मिश्रित संस्कृति और परंपरा इस अवसर पर नजर आएंगी।

नवरात्र उत्सव के अंतर्गत विभिन्न पूजा पंडाल में डांडिया गरबा भी खेला जाएगा। सबसे ज्यादा आकर्षक रहेगा ट्रांसपोर्ट नगर में पाटीदार समाज और डीडीएम में रोड में जलाराम मंदिर परिसर में। यहां पर गुजराती समाज की ओर से भव्य अंदाज में इस कार्यक्रम को आयोजित किया जाता रहा है।

# जीएसटी में बदलाव से होंगे लाभ

**कोरबा।** सामाजिक कार्यकर्ता कोमल बत्रा ने विश्वास जताया है कि भारत सरकार के द्वारा गुड्स एंड सर्विस टैक्स के स्लैब में किए गए परिवर्तन से लोगों को प्रत्यक्ष और परोक्ष लाभ होंगे। उन्होंने कहा कि पहले जीएसटी के चार स्लैब बनाए गए थे जिसे काम करने के साथ दो किया गया है और टैक्स की राशि में कटौती की गई है। वस्तुओं के निर्माण से लेकर पैकेजिंग पर टैक्स में कमी होने से स्वाभाविक है कि यह उपभोक्ताओं के पास पहले की तुलना में कम कीमत पर पहुंचेंगे। ऐसा होने पर लोगों के रुपए काफी हद तक बचेंगे। कोमल ने कहा कि घरों की रसोई का बजट महिलाएं निर्धारित करती हैं और बड़ी बात यह है कि वहां पर उपयोग में आने वाली चीज जीएसटी के मामले में कम हुई है। निश्चित रूप से ऐसे व्यवस्था पर अंतर तो पड़ेगा ही और दूसरी जरूरत की पूर्ति इस माध्यम से की जानी आसान होगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों के हितों का संरक्षण करने के अंतर्गत जिस प्रकार के बदलाव किए गए हैं उसका स्वागत किया जाना चाहिए।

# उद्योगों, संस्थाओं और पंडालो में पूजे जाएंगे देव शिल्पी

**कोरबा।** निर्माण के देवता माने जाने वाले विश्वकर्मा की जयंती 17 सितंबर को मनाई जाएगी। कोरबा जिले के अनेक उद्योगों के साथ-साथ तकनीकी संस्थानों और सैकड़ो पंडाल में प्रतिमा स्थापित करने के साथ पूजा अर्चना होगी। इसके लिए तैयारी की जा रही है।

जिले में स्थित नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिक पावर जेनरेशन कंपनी, भारत अल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड, अदानी पावर के अलावा अनेक उद्योग और तकनीकी संस्थानों में विश्वकर्मा जयंती मनाने के लिए उत्साहित वातावरण में तैयारी हो रही हैं। नगर से लेकर उपनगर क्षेत्र और आंचल में देव शिल्पी की प्रतिमा स्थापित करने के साथ उनकी पूजा कल की जाएगी । इस तरह की मान्यताएं हैं कि सृष्टि के निर्माण में उनकी विशेष भूमिका रही। इसलिए तकनीकी,



मशीनरी, वास्तु और निर्माण से संबंधित वर्ग अपने कार्य क्षेत्र में सफलता के लिए विश्वकर्मा की पूजा को महत्व देता है। औद्योगिक जिला होने के कारण कोरबा क्षेत्र में विश्वकर्मा पूजा के अपने अलग मायने हैं। यहां पर सैकड़ो जगह पूजा के साथ भोग वितरण और शाम को सांस्कृतिक प्रस्तुति भी होगी। गुरुवार को धूमधाम से प्रतिमाओं का विसर्जन होगा।

### जोश में खो देते हैं होश

बीते वर्षों में इस तरह की तस्वीर कोरबा जिले में पेश आई है जब विश्वकर्मा पूजा के साथ-साथ विसर्जन के दौरान युवाओं को जोश में होश होते देखा गया । असामान्य हालत में उनकी हरकतें लोगों को हैरान करती हैं कि आखिर यह सब हो क्या रहा है और वह भी धार्मिक कार्यक्रम के नाम पर। इस दौरान डीजे के शोर में बजने वाले बेहूदा गाने भी यह बताते हैं कि आखिर इरादा क्या है। प्रबुद्ध वर्ग का कहना है कि अगर इस तरह का भौंडापन दिखेगा तो सवाल उठेंगे ही। इसलिए इस तरह की प्रवृत्ति पर ब्रेक लगाने के बारे में विचार होना ही चाहिए

# आश्वासन की चादर में लिपटा बांगो डेम पहुंच मार्ग, बढ़ी मुश्किलें

### नाराज लोग कर सकते हैं आंदोलन

**पोड़ी उपरोड़ा।** एनएच-130 से बांगो डेम जाने वाला पहुंच मार्ग लंबे समय से बदहाल हालात में है। टूटी-फूटी सड़क और जगह-जगह पानी से भरे गड्ढों के कारण क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत बांगो, एतमानगर, लालपुर और पाथा के लोग इस मार्ग से रोजाना गुजरते हैं, लेकिन जर्जर सड़क उनकी बड़ी समस्या बन चुकी है। लोगों ने कहा कि हफ्ते भर में समस्या हल नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे।



स्थानीय प्रतिनिधियों ने कई बार विभाग को इसकी जानकारी दी, लेकिन आज तक किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है और मरीजों को अस्पताल ले जाना भी कठिन हो जाता है। इसी मुद्दे को लेकर 15 सितंबर को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com